तापमान

अधिकतम 30.2 डिग्री

न्यूनतम 24.2 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, बुधवार 9 जुलाई 2025




पुलिस लाइन में खड़ी कंडम गाड़ियां।



## खबर संक्षेप

### उच्च शिक्षा विभाग में हुआ तबादला

**बिलासपुर।** राज्य शासन ने उच्च शिक्षा विभाग में तबादला आदेश जारी किया है। इसमें प्राध्यापक, सहायक प्राध्यापक सहित क्रीड़ाधिकारियों को एक जगह से दूसरे जगह स्थानांतरित किया गया है। इस आदेश के तहत शासकीय मुकुटधर पाण्डेय कालेज कटघोरा से सहायक प्राध्यापक डॉ. शिवदयाल पटेल का बिलासपुर बेलतरा नवीन कालेज में, टीसीएल कालेज जांजगीर से सहायक प्राध्यापक डॉ. गिरिश नंदन सिंह का बिलासपुर क्षेत्रीय अपर संचालक अंतर्गत विधि प्रकोष्ठ में, तखतपुर कालेज से रश्मि जैन का बिलासपुर माता शबरी कालेज, पथरिया कालेज से सहायक प्राध्यापक रामरति निषाद का मस्तूरी कालेज, मुंगेली कालेज से रंजू गुप्ता का साइंस कालेज बिलासपुर, सिलफिली कालेज से सहायक प्राध्यापक बृजकिशोर त्रिपाठी का स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम कालेज बिलासपुर, रतनपुर कालेज से सहायक प्राध्यापक ऋचा बंसल का आत्मानंद इंग्लिश कालेज बिलासपुर, अंबिकापुर के सहायक प्राध्यापक रामेश्वरी बंजारा का आत्मानंद इंग्लिश कालेज बिलासपुर, अकलतरा कालेज से सहायक प्राध्यापक वंदना राठौर का माता शबरी कालेज बिलासपुर, रामानुगंज कालेज से सहायक प्राध्यापक शनि कुमार धारी का रतनपुर कालेज, अकलतरा कालेज से सहायक प्राध्यापक सुरेखा देवांगन का माता शबरी कालेज बिलासपुर में तबादला हुआ है।

### जब्त मादक पदार्थों का नष्टीकरण कल

**बिलासपुर।** जिले की विभिन्न थानों में जब्त किए गए मादक पदार्थों का नष्टीकरण 10 जुलाई को सवेरे 10 बजे किया जाएगा। नष्टीकरण की कार्रवाई मोहतराई स्थित सुधा बॉयो पॉवर लिमिटेड की भट्ठी में उक्त तिथि को किया जाएगा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नष्टीकरण के लिए गठित जिला स्तरीय औषधि व्ययन समिति के सदस्य एवं पंचान इस दौरान उपस्थित रहेंगे।

### आईटीआई कोनी में अप्रेंटिसशिप मेला 14 को

**बिलासपुर।** आईटीआई कोनी के सीओई भवन मे 14 जुलाई को सुबह 9.30 बजे से अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जाएगा। जिले के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से विद्युतकार, फिटर, मैकेनिक डीजल, मैकेनिक ट्रेक्टर, वेल्डर, टर्नर, कोपा व्यवसाय के उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर इस मेले में भाग ले सकते है। अधिक जानकारी के लिए आदर्श आद्योगिक प्रशिक्षण संस्था कोनी में संपर्क कर सकतें हैं।

### अनियमित कर्मचारी 16 से करेंगे आंदोलन

**बिलासपुर।** प्रदेश के 6 लाख नियमित, अनियमित कर्मचारी और पेंशनर विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलन करने जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ कर्मचारी -अधिकारी फेडरेशन की ओर से बताया गया है कि पहले वे 16 जुलाई को रैलियां निकालेंगे। फिर 22 अगस्त को सामूहिक अवकाश लेकर काम बंद करेंगे। फेडरेशन के मुताबिक प्रमुख मांगों में केंद्र के समान डीए, 2019 से लंबित डीए एरियर्स का भुगतान, वेतन विसंगति की पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट को सार्वजनिक करना, चार स्तरीय 8,16,24 व 30 वर्ष में पदोन्नत समयमान वेतनमान, शिक्षकों व सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को तृतीय समयमान वेतनमान, केशलैस मेडिकल सुविधा, अनुकंपा नियुक्ति बगैर शर्त लागू हो, 300 दिनों के अवकाश का नगदीकरण, एनपीएस खाते में कटौती तिथि से गणना, पूर्ण पेंशन का पात्रता तय हो, विभागों का सेटअप पुनरीक्षण, सेवानिवृत्ति 65 साल हो, दैनिक वेतनभोगी का नियमितीकरण हो।

# 20 दिन में 37 बच्चों ने कटा ली टीसी क्योंकि स्कूल हमेशा रहता है बंद शिक्षक पढ़ाने पहुंचते ही नहीं, अब 5 किमी दूर पढ़ने जाने की मजबूरी

अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सरकार ने बच्चों की बेहतर पढ़ाई के लिए तखतपुर ब्लॉक के ग्राम दर्री में हाईस्कूल खोला। यहां चार शिक्षकों की नियुक्ति भी की लेकिन 16 जून को शाला प्रवेशोत्सव के बाद से सभी शिक्षक और कार्यालयीन स्टाफ नदारद रहते हैं। शिक्षकों की इस लापरवाही के कारण स्कूल की दर्ज संख्या जो की पहले 92 थी अब घटकर 55 तक पहुंच गई है। पढ़ाई नहीं होने के कारण स्कूली छात्रों ने टीसी कटा ली और 5 किलोमीटर दूर के स्कूल में एडमिशन ले लिया है। शिकायत के बाद पहुंचे तखतपुर ब्लाक के बीईओ जब स्कूल पहुंचे तो वहां ताला लगा था। प्रभारी प्राचार्य के साथ ही चारों शिक्षकों को नोटिस जारी किया गया है। इसके साथ ही 16 जून से लेकर 8 जुलाई तक का वेतन काटने का प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपा गया है। जिन शिक्षकों को नोटिस जारी करते हुए वेतन की कटौती के लिए प्रतिवेदन पेश किया गया है उनमें प्रभारी प्राचार्य जयकुमार कश्यप (व्याख्याता एलबी गणित), श्रीमती उषा मधुकर (व्याख्याता एलबी साइंस), श्रीमती बरखा रानी भास्कर (व्याख्याता एलबी अंग्रेजी) और श्याम राव (व्याख्याता एलबी संस्कृत) शामिल हैं। खास बात है कि इनमें से अधिकांश लोग शिक्षक संघों से जुड़े हुए हैं इसलिए अधिकतर स्कूलों में पढ़ाने पहुंचते ही नहीं है।




- शिक्षकों की लापरवाही के दर्ज संख्या 92 से घटकर 55 तक रह गई
- सभी शिक्षकों का 16 जून से लेकर 8 जुलाई तक का वेतन काटने की अनुशंसा

ग्रामीण क्षेत्रों में स्कूलों की हालत का अंदाजा इस एक स्कूल की स्थिति से समझा जा सकता है। तखतपुर ब्लाक मुख्यालय से करीब 20 किमी दूर ग्राम दर्री में मिडिल स्कूल का उन्नयन करते हुए हाईस्कूल बनाया गया है। हाईस्कूल बनने के बाद इस क्षेत्र में काफी खुशी थी और लगातार एडमिशन हुए। नौवीं और दसवीं कक्षा मिलाकर दर्ज संख्या 92 तक पहुंच गई। जिला शिक्षा विभाग ने यहां चार शिक्षकों की नियुक्ति भी की। इसके साथ क्लर्क, चपरासी और दूसरे स्टाफ भी नियुक्त किए गए।

### प्रवेशोत्सव के बाद से स्कूल में पढ़ाई नहीं

16 जून को जब स्कूल खुला तो उसके बाद प्रवेश उत्सव यहां मनाया गया। इसमें गांव के सरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि और स्कूल के बच्चे और उनके अभिभावक बड़ी संख्या में शामिल हुए। इसके बाद लेकिन इस स्कूल की पढ़ाई बंद हो गई। इसका सबसे बड़ा कारण यह था कि तखतपुर ब्लाक के साथ ही बिलासपुर मुख्यालय से पहुंचने वाले शिक्षकों ने स्कूल नियमित जाना बंद कर दिया। ग्रामीणों के मुताबिक सप्ताह में एक-दो दिन स्कूल लग गया तो बहुत था। यही नहीं जिस दिन स्कूल लगता भी था उस दिन भी एक बजे छुट्टी कर दी जाती थी जबकि स्कूल का समय सुबह 10 से शाम 4 बजे का है। लगातार शिकायतों के बाद कलेक्टर संजय अग्रवाल ने तखतपुर ब्लाक के बीईओ रामेश्वर बैरागी को क्षेत्र के स्कूलों का दौरा करने का निर्देश दिया। बीईओ जब स्कूल पहुंचे तो उसे समय 3:00 बज रहा था और स्कूल में ताला लटका था।

### घर पहुंच गए शिक्षक बच्चों की कर दी छुट्टी

बीईओ ने प्रभारी प्राचार्य जय जायसवाल को फोन लगाया तो मालूम पड़ा कि सभी शिक्षक और स्टाफ घर चले गए। बच्चों की छुट्टी भी कर दी गई। गांव वालों ने बताया कि ऐसा अक्सर ही होता है। बीईओ श्री बैरागी ने इस मामले में प्रभारी प्राचार्य को फटकार लगाते हुए सभी शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है साथी 16 जून से लेकर 8 जुलाई तक की वेतन काटने की अनुशंसा की है। यहां यह ध्यान रहे की उन्नयन के बाद से हाईस्कूल के लिए अलग से कोई भवन नहीं बनाया गया है। मिडिल स्कूल में ही हाईस्कूल की कक्षाएं चल रही हैं। बीईओ श्री बैरागी के अनुसार स्कूल में कुल पांच कमरे हैं जिनमें से तीन कमरों में मिडिल स्कूल की कक्षाएं संचालित होती हैं तो दो अतिरिक्त कमरों में हाईस्कूल लगाया जा रहा है।

## 7 करोड़ में बना प्रदेश का पहला प्लेनेटोरियम आबाद नहीं हो सका

# दो साल बाद भी नहीं बनीं 20 दुकानें 8 लाख का बिजली बिल भी बकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर


स्मार्ट सिटी द्वारा 7 करोड़ रुपए में बनाया गया प्रदेश का पहला तारामंडल दो साल बाद भी आबाद नहीं हो सका है। लाखों की मशीनरी तो लगा दी गई है, लेकिन तारों की उत्पत्ति से लेकर उनके जीवन की कहानी देखने लोग पहुंच ही नहीं रहे हैं। बड़ी मुश्किल से सप्ताह में एक दो शो ही चल रहे हैं उसमें भी 15-20 दर्शक ही पहुंचते हैं। कैंटीन और लाइब्रेरी के लिए अभी भी तोड़फोड़ जारी है। हालांकि स्मार्ट सिटी ने इसके संचालन के लिए एक ठेकेदार को जिम्मा दिया है, जिसने गार्डन तो ठीक बनाया है। इसके अलावा स्माल आर्ट गैलरी के के साथ वेटिंग रूम, लॉबी, कैंटिन सहित कोई काम नहीं हो सके हैं। सबसे बड़ी बात कि निगम ने यहां चौपाटी बनाने 20 दुकानों के लिए टेंडर किया था। 19 लाख रुपए के इस काम के टेंडर, वर्क आर्डर के साथ तात्कालिक महापौर ने भूमिपूजन भी कर दिया, लेकिन दुकानें नहीं बन सकीं। इसके साथ ही 7 लाख 65 हजार रुपए का बिजली बिल दो साल से जमा नहीं हो सका है। इसका ब्याज भी बढ़ रहा है।

व्यापार विहार में बना प्लेनेटोरियम एक तरह से किसी काम का नहीं रह गया है। इसका प्रचार-प्रसार ठीक से नहीं होने के कारण लोग देखने जा ही नहीं रहे हैं। ज्ञान विज्ञान की गतिविधियों के प्रचार-प्रसार के लिए निर्माणाधीन प्लेनेटोरियम अव्यवस्था का शिकार होता जा रहा है। परिसर में बनाई गई सीसी रोड में दरार पड़ने लगी है। ऑक्सीजोन में लगाए गए पेड़ पौधों की सुरक्षा के लिए इंतजाम नहीं हैं। सौंदर्यीकरण का कार्य अधूरा हैं। प्रस्तावित तालाब का पता नहीं है। तालाब के सौंदर्यीकरण की बातें केवल कागजों में है। प्रवेश द्वार के बाहर सीसी रोड की ऊंचाई बढ़ाए जाने से परिसर की बाउंड्री वाल बहुत छोटी हो गई है।





न शो चल रहे ना ही दर्शक पहुंच रहे



### स्माल आर्ट गैलरी के अलावा, कैंटिन सहित दूसरे काम भी बाकी, मुश्किल से सप्ताह में एक दो शो ही चल रहे

### मुश्किल से सप्ताह के अंत में एक दो शो

यहां के एक स्टाफ ने बताया कि सप्ताह भर में शनिवार और रविवार को ही एक दो शो मुश्किल से चल पाते हैं। इसमें भी 180 सीट वाले इस तारामंडल में मुश्किल से 15-20 लोग पहुंचते हैं। गौरतलब है कि बिलासपुर का तारामंडल रायपुर की अपेक्षा बड़ा और बेहतर है। रायपुर में 150 सीटर अनफिक्स (अस्थाई टेंटवाला) प्लेनेटोरियम का निर्माण किया गया है जबकि बिलासपुर में व्यापार विहार में स्थित प्लेनेटोरियम 200 सीटर है और फिक्स है। मतलब कि इसकी छत तथा अन्य निर्माण आरसीसी के स्थाई हैं। दर्शक प्लेनेटोरियम के ऊपरी हिस्से को पुश बैक चेयर में बैठ कर तारामंडल का लुत्फ उठा सकते हैं। स्क्रीन आरसीसी डोम के नीचे फाइबर की लगाई गई है। इस प्लेनेटोरियम का पूरा परिसर 3.34 एकड़ का है।

### खाने की कोई व्यवस्था नहीं

तारामंडल के संचालन का ठेका जयपाल मुदलियार को दिया गया है। 2.80 लाख रुपए सालाना में दिए गए इस ठेके में अनुबंध के तहत निगम को तारामंडल के बगल में ही 20 दुकानें बनानी थीं। इसे चौपाटी की तरह विकसित किया जाना था। निगम ने दुकानों के लिए 19 लाख रुपए का टेंडर निकालकर वर्क आर्डर भी जारी कर दिया। महापौर ने भूमिपूजन भी कर दिया लेकिन काम शुरू नहीं हो सका। अब कहा जा रहा है कि इसके लिए फंड ही नहीं है। अब चौपाटी और दुकानों के नहीं बनने से यहां आने वालों के लिए खाने-पीने की कोई व्यवस्था नहीं है। ठेकेदार ने इस बारे में निगम आयुक्त से कई बार मुलाकात की लेकिन कोई हल नहीं निकल सका है।

### 9 लाख पौधे लगाने का दावा भी फेल

स्मार्ट सिटी ने जब तारामंडल का प्रोजेक्ट बनाया था तो उसमें परिसर में ही डेढ़ एकड़ का बागीचा बनाया जाना था। यहां आकर्षक, फूल -पत्तियों तथा औषधीय पौधे भी लगाए जाने की योजना थी। बागीचे के बाजू से 5000 वर्ग मीटर का छोटा सा तालाब भी बनना था जहां लोग शाम का वक्त बिता सकेंगे। इसमें से कोई भी काम अभी पूरा नहीं किया जा सका है। तालाब का काम तो अभी शुरू ही नहीं हो सका है। हालांकि निगम और ठेकेदार का दावा है कि यहां 9 लाख पौधे लगाए गए हैं। दरअसल यहां 2000 वर्ग मीटर क्षेत्र में अरबन फॉरेस्ट लगाने की बात कही गई थी। पूरे प्रोजेक्ट में यह शामिल भी था। इसमें फल, फूल और हरियाली से भरपूर मौसमी फलों आम, जामुन, बिही, नीम, पीपल, गुलमोहर आदि के सदाबहार वृक्ष, बेलें लगाने की बात थी लेकिन इसमें से अधिकांश काम नहीं हो सके हैं।

# सीएमपीडीआई, एसईसीएल, बिजली रेलवे पर करोड़ों का टैक्स बकाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नगर निगम ने लंबे समय से टैक्स जमा नहीं कर रहे बड़े बकायादारों को नोटिस जारी किया है। इसमें बिजली विभाग पर साढ़े सात करोड़, सीएमपीडीआई पर दो करोड़ दो लाख और एसईसीएल पर तीन बिलों का सवा दो करोड़ शामिल हैं। इसके साथ ही रेलवे को सेवा कर भुगतान के लिए अलग से पत्र जारी किया गया है। इसमें रेलवे के पास कितनी संपत्ति है उसका मूल्यांकन किया जाएगा। दरअसल निगम द्वारा रेलवे से संपत्तिकर नहीं लिया जाता है। इसके बदले सेवा शुल्क जमा कराया जाता है। इसके साथ ही निगम क्षेत्र में आने वाले 40 से अधिक बड़े बकायादारों को टैक्स के लिए नोटिस दिया गया है। इनसे 5 करोड़ रुपए की अलग से वसूली की जानी है।

- बिजली विभाग के साढ़े सात करोड़ रुपए का होगा समायोजन

नगर निगम के द्वारा शहर में संपत्ति कर, समेकित कर के माध्यम से हर साल शहर में करोड़ों रुपए टैक्स की वसूली की जाती है लेकिन कई ऐसे लोग हैं जो लंबे समय से नगर निगम को टैक्स जमा नहीं कर रहे हैं। जिससे उनका बकाया साल दर साल बढ़ते जा रहा है। यही वजह है कि निगम प्रशासन को करोड़ों रुपयों की आर्थिक क्षति हो रही है, इसका सीधा असर शहर के विकास पर पड़ रहा है। अब निगम ने सख्ती बरतते हुए सीएमपीडीआई को दो करोड़ दो लाख रुपए जमा करने कहा है। इसके साथ ही निगम द्वारा नोटिस जारी करने के बाद एसईसीएल ने नेहरू शताब्दि नगर का 70.71 लाख रुपए, बसंत विहार का 1.25 करोड़ रुपए और इंदिरा विहार का 31 लाख रुपए जमा कर दिया है। इसके साथ ही निगम द्वारा सीएसपीडीसीएल को 7.47 करोड़ रुपए जमा करने कहा गया है। इस बिल का समायोजन निगम और बिजली विभाग आपस में करेगें क्योंकि निगम पर भी करोड़ों रुपए का बिजली बिल बकाया है।



- एसईसीएल ने तीन बिलों का सवा दो करोड़ जमा किया
- दूसरे बकायादारों को भी अलग से नोटिस

### निजी कंपनी से ज्यादा निगम अमले की वसूली

ज्ञात हो कि नगर निगम ने टैक्स वसूली का जिम्मा स्पैरो कंपनी को दिया था, जिसके लिए लाखों रुपए खर्च भी किए गए लेकिन, टैक्स वसूली में स्पैरो कंपनी सफल नहीं हो सकी। जिन क्षेत्रों में स्पैरो कंपनी को टैक्स वसूली करने का काम दिया गया था। वहां से अब तक निगम के अमले ने औसत 60% बढ़ोतरी की है। निगम के अपर आयुक्त खजांची कुम्हार ने बताया कि निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश में अभियान शुरू किया गया है। इसमें डोर टू डोर संपर्क, शिविर, बड़े बकायादारों से सख्ती और नवाचार के साथ ही ऑनलाइन सुविधा से निगम अपने लक्ष्य के करीब पहुंच रहा है। राजस्व वसूली को एक प्रकार से अभियान का रूप देते हुए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है।

### नई दरों पर जमा कराया जाएगा संपत्तिकर

इधर सर्वे के दौरान नगर निगम ने पाया है कि कई मकान ऐसे हैं, जो पुराने रिकॉर्ड के आधार पर संपत्तिकर जमा कर रहे हैं। यह संपत्तियाँ वास्तविक निर्माण के मुकाबले अधिक टैक्स की पात्रता रखती हैं। इसमें रसूखदारों, राजनीतिक हस्तियों, बिल्डरों और व्यवसायियों के नाम भी शामिल हैं, जिन्होंने नई इमारतें बनाई हैं लेकिन पुरानी दरों पर ही टैक्स जमा कर रहे हैं। अब नगर निगम 2016-17 की पुरानी दरों को बदलकर नए सर्वे के अनुसार संपत्तिकर वसूलने के लिए अलग से अभियान चला रहा है।

### इस साल 136 करोड़ का टारगेट

इस साल नगर निगम ने 136 करोड़ रुपए टैक्स वसूली का लक्ष्य रखा है। इसमें 70 करोड़ रुपए की राशि संपत्तिकर और समेकित कर की है। इसके अलावा पानी बिल, दुकान का किराया, कालोनियों का टैक्स, भवन अनुज्ञा के साथ ही विज्ञापन और यूजर जार्च का टैक्स जमा कराया जाएगा। ज्ञात हो कि पिछले वित्तीय वर्ष में निगम ने करीब 100 करोड़ रुपए टैक्स का टारगेट पूरा किया था। इससे पहले के वित्तीय वर्ष में नगर निगम ने संपत्तिकर, समेकित यूजर चार्ज, भूखण्ड, दुकान, नीलामी, किराया समेत अन्य स्त्रोत को मिलाकर 87 करोड़ की वसूल किया था। पिछले साल राजस्व वसूली का मुख्य आधार संपत्तिकर, समेकित और यूजर चार्ज को मिलाकर 56 करोड़ 5 लाख वसूला गया है जो उससे पहले के सालों में 41 प्रतिशत अधिक था।

### मॉनिटरिंग की जा रही

टैक्स वसूली के लिए डोर टू डोर संपर्क, शिविर, बड़े बकायादारों से सख्ती और नवाचार के साथ ही ऑनलाइन सुविधा से निगम अपने लक्ष्य के करीब पहुंच रहा है। राजस्व वसूली को एक प्रकार से अभियान का रूप देते हुए लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है। एसईसीएल ने टैक्स जमा कर दिया है। बिजली विभाग से बिल का समायोजन हो जाएगा। सीएमपीडीआई ने भी टैक्स देने के लिए सहमति दे दी है।

- **खजांची कुम्हार,** अपर आयुक्त, नगर निगम

## सरकार रहते जमा नहीं कराए 1 करोड़ 77 लाख रुपए

# नए कांग्रेस भवन के लिए जमीन आबंटन निरस्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कांग्रेस सरकार के समय बिलासपुर में नए कांग्रेस भवन के लिए पुराने बस स्टैंड स्थित जमीन का आबंटन हुआ था। कांग्रेस कमेटी को जमीन के भू-भाटक की राशि लगभग 1 करोड़ 77 लाख 26 हजार रुपए दो साल के भीतर जमा कराना था। लेकिन कांग्रेस पार्टी कोर्ट कचेहरी में उलझी रही और दो साल बीतने के बाद भी कांग्रेस कमेटी ने भू-भाटक की राशि जमा नहीं कराई और इधर कांग्रेस की सत्ता बदलते ही कांग्रेस भवन के लिए जमीन आबंटन निरस्त हो गया है। इसके साथ ही नए कांग्रेस भवन निर्माण का मामला फिलहाल ठंडे बस्ते में चला गया है।

शहर में नए कांग्रेस भवन की आवश्यकता वर्षो से महसूस की जा रही थी और कांग्रेसजनों की ओर से मांग भी उठती रही है। इसलिए प्रदेश की सत्ता में कांग्रेस की सरकार आने के बाद शहर में नए कांग्रेस भवन के लिए कवायद शुरू हुई और पुराने बस स्टैंड स्थित जमीन का आबंटन शासन-प्रशासन स्तर पर हुआ था। तहसीलदार बिलासपुर के प्रतिवेदन एवं दावा आपत्ति के बाद फरवरी 2022 में जमीन आबंटन हुआ था। यह जमीन निर्धारित प्रब्याजि का पांच प्रतिशत प्रब्याजि एवं उस पर 0.30 प्रतिशत वार्षिक भू-भाटक एवं निर्धारित अधोसंरचना तथा पर्यावरण उपकर लेकर शासकीय भूमि स्थाई पट्टे पर सशर्त आबंटित करने की स्वीकृति प्रदान की गई थी। इसमें 6 माह के अंदर भू-भाटक की राशि कांग्रेस कमेटी को जमा कराने कराना था। यह भी शर्त था कि निर्धारित समयावधि में प्रीमियम एवं वार्षिक भू-भाटक की पूरी राशि जमा नहीं किए जाने की स्थिति में आबंटन की तिथि से प्रीमियम व वार्षिक भू-भाटक पर 12 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ राशि जमा कराई जाए। लेकिन यह राशि दो वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए, क्योंकि दो वर्ष में राशि जमा नहीं कराए जापर आबंटन आदेश स्वमेव निरस्त माना जाएगा। इस तरह से भू-भाटक की राशि लगभग 1 करोड़ 77 लाख 26 हजार रुपए तत्काल जमा कराना था। लेकिन कांग्रेस पार्टी कोर्ट कचहरी में ही उलझी रही और इस बीच विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार चली गई और भाजपा प्रदेश की सत्ता में आ गई। दो वर्ष की समयावधि के बाद भी कांग्रेस ने राशि जमा नहीं कराई थी।


⏭शेष पृष्ठ 2 पर




ठंडे बस्ते में गया नए कांग्रेस भवन बनाने का मामला

### हाईकोर्ट जाने पर विचार

नए कांग्रेस भवन के लिए 35 हजार वर्गफूट से अधिक जमीन आबंटित हुई थी। लेकिन कांग्रेस कमेटी जमीन का डायवर्सन के बाद आबंटन के लिए आवेदन किया था। इसी तरह भूमि के एवज में लगभग 1 करोड़ 76 लाख राशि जमा कराना था। यह राशि दो साल के अंदर जमा कराना था इसलिए कांग्रेस कमेटी की ओर से 6 माह की समयावधि बढ़ाने की आवेदन दिया गया था। लेकिन कलेक्टर द्वारा उसे निरस्त कर दिया गया है। इसलिए अब कांग्रेस कमेटी अपील में हाईकोर्ट जाने पर विचार कर रही है।

- **विजय पांडेय**
अध्यक्ष, शहर कांग्रेस

# आधुनिकीकरण से टाटा-बिलासपुर रद्द, चार ट्रेनें डायवर्ट 15 से

**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे चक्रधरपुर मंडल में ग्रामहारीया जंक्शन से आदित्यपुर सेक्शन में ट्रैक रिलेइंग ट्रेन मशीन से आधुनिकीकरण के कारण टाटा से बिलासपुर के बीच चलने वाली ट्रेन रद्द रहने के अलावा चार ट्रेनें डायवर्ट रूट से चलाई जाएगी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे चक्रधरपुर मंडल के ग्रामहारीया जंक्शन से आदित्यपुर सेक्शन के बीच अप व डाउन लाइन में ट्रैक रिलेइंग ट्रेन मशीन से आधुनिकीकरण का कार्य 15 जुलाई से 4 अक्टूबर तक किया जाएगा। इस दौरान दूसरे जोन के साथ दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन से चलने वाली ट्रेनों का परिचालन भी प्रभावित होगी। इन ट्रेनों में 15, 19, 22, 26, 29 जुलाई, 2 अगस्त को 18113/18114 टाटा से बिलासपुर और बिलासपुर से टाटा के बीच चलने वाली एक्सप्रेस के अलावा 9, 12, 16, 19, 23, 26 अगस्त को 18109/18110 टाटा से नेताजी सुभाषचंद्र बोस और नेताजी सुभाष चंद्र बोस से टाटा के बीच चलने वाली एक्सप्रेस के पहिए थमे रहेंगे। वहीं 18, 25 जुलाई, 1, 11, 18, 25 अगस्त को 18477 पुरी-योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस व्हाया कटक, संबलपुर सिटी, झारसुगुड़ा रोड, ईब होकर, 14, 21, 28 जुलाई, 8, 15, 22, 28 अगस्त, 5, 12, 19, 26 सितम्बर, 3 अक्टूबर को 18478 योगनगरी ऋषिकेश उत्कल एक्सप्रेस व्हाया ईब, झारसुगुड़ा रोड, संबलपुर सिटी, कटक होकर, 15, 22, 29 जुलाई को दुर्ग से चलने वाली 13287 दुर्ग-आरा साउथ बिहार एक्सप्रेस सिनी, कान्ड्रा जंक्शन होकर, 18, 25 जुलाई, 1 अक्टूबर को आरा से चलने वाली 13288 आरा-दुर्ग जंक्शन साउथ बिहार एक्सप्रेस कान्ड्रा जंक्शन, सिनी होकर चलाई जाएगी।

## खबर संक्षेप

### सुधा बायो पॉवर प्राइवेट लिमिटेड ने मोहतराई में किया पौधरोपण



**बिलासपुर।** सुधा बायो पॉवर प्राइवेट लिमिटेड मोहतराई द्वारा ग्राम गतौरी के गोठान में एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत स्व. श्रीमती माता परमेश्वरी देवी की याद में पौधरोपण किया गया। जिसमें 10 फिट बड़े 1000 फलदार पौधे लगाए गए। इस कार्यक्रम का संचालन जीएम विनय मलिक एवं जीएम एस वी राजू ने की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्लांट के कर्मचारी, अधिकारी, गार्ड सहित अन्य का सहयोग रहा।

### तुलसी देवी की कृति छत्तीसगढ़ की लोककथाएं का विमोचन



**बिलासपुर।** प्रयास प्रकाशन साहित्य अकादमी राष्ट्रीय समिति बिलासपुर एवं अक्षय पब्लिकेशन प्रयागराज द्वारा छत्तीसगढ़ की सुप्रसिद्ध कवयित्री एवं कथाकार तुलसी देवी तिवारी की कृति साहित्य के आलोक में तुलसी, पुकार जगन्नाथ की एवं छत्तीसगढ़ की लोककथाएं का विमोचन एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसके मुख्य अतिथि केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू थे। विशिष्ट अभ्यागत विधायक सुशांत शुक्ला, पूर्व न्यायाधीश छग उच्च न्यायालय चन्द्रभूषण वाजपेयी, डॉ विनय कुमार पाठक, एयू के कुलपति आचार्य एडीएन वाजपेयी, नन्द किशोर तिवारी, डॉ भगवान प्रसाद उपाध्याय, डॉ आरती पाठक, प्रदीप सिंह, रामनाथ साहू, अजय शर्मा थे। कथाकार तुलसी देवी तिवारी को शाल श्री फल एवं मोमेंटो भेंट करके सम्मानित किया गया।

### मक्का मदीना की यात्रा से वापसी, शहर एवं प्रदेश में अमन शांति की दुआ मांगी



**बिलासपुर।** हज यात्रा से वापस आने पर आज सिटी मेन संचालक मो. जफर का शहर आगमन पर स्वागत किया गया। स्टेशन पर मुस्लिम समाज के लोगों ने तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों ने भी मोहम्मद जफर का फूल माला से स्वागत किया। उसकी देन कमेटी के द्वारा भी तकरीर के अंतिम दिन था सदस्यों ने उपहार एवं फूल माला से उनका स्वागत किया। हज यात्रा से वापस आने पर मोहम्मद जफर ने बताया कि वे मक्का शरीफ तथा मदीना शरीफ मे प्रदेश एवं देश की खुशहाली बिलासपुर की खुशहाली की दुआ मांगी। बिलासपुर जिले से 75 लोग परिवार सहित रवाना हुए थे। छत्तीसगढ़ से हज यात्रा में 300 से अधिक लोगों ने हज की यात्रा की। कुदुदड के रहने वाले रेहान राजा, उनके परिवार के शौकत हुसैन, सलमा बेगम, शाहिस्ता कौसर हज की यात्रा पर गए थे और 35 दिनों की यात्रा के बाद यात्रा के बाद कल शहर लौटे। हज यात्रा में प्रमुख रूप से जमशेद अली जमशेद अली, नूर मोहम्मद, शहीद कई सदस्य अपने परिवार के साथ रवाना हुए थे।

### सीयू व एयू में बस सुविधा के लिए छात्र प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से की मांग



**बिलासपुर।** छात्र प्रतिनिधिमंडल ने गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी व अटल यूनिवर्सिटी दोनों ही यूनिवर्सिटी में छात्र-छात्राओं की सुविधा के लिए बस सुविधा प्रदान किए जाने की मांग उठाई है। छात्र प्रतिनिधिमंडल सोमवार को संभागायुक्त कार्यालय पहुंचा था जहां बस सुविधा की मांग को लेकर डिप्टी कमिश्नर को ज्ञापन सौंपा है। छात्रों की ओर से शासन से बस चलवाने की मांग की गई है। शहर के दोनों प्रमुख यूनिवर्सिटी गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी व अटल यूनिवर्सिटी में छात्र-छात्राओं के लिए बस सुविधा नहीं है। इसलिए छात्र प्रतिनिधिमंडल की ओर से बस सुविधा के लिए मांग उठाई गई है और छात्र प्रतिनिधिमंडल में शामिल शुभम पाठक, सौरभ दुबे, आयुष खांडेकर, रूद्र पटेल आदि आज संभागायुक्त कार्यालय पहुंचे थे। उन्होंने डिप्टी कमिश्नर स्मृति तिवारी से मिलकर अपनी बात रखी कि बिलासपुर में दो बड़े शासकीय यूनिवर्सिटी है जिसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं प्रदेशभर से शिक्षा ग्रहण करने आते हैं।

## पेज 1 का शेष

### नए कांग्रेस भवन के लिए जमीन...

**कुल 35853 वर्गफूट जमीन हुई थी आबंटित** : नए जिला कांग्रेस भवन के लिए शहर के मौजा जूना बिलासपुर पटवारी हल्का नंबर 36 स्थित खसरा नंबर 574/1 ग रकबा 0.454 हेक्टेयर, से रकबा 0.138 हेक्टेयर एवं 574/ 1 फ रकबा 0.194 हेक्टेयर कुल रकबा 35853 वर्गफूट भूमि आबंटित किया गया था। यह जमीन पुराना बस स्टैंड के पास स्थित है जहां नया कांग्रेस भवन बनना था। लेकिन अब आबंटन निरस्त होने के बाद उस जगह पर नया कांग्रेस भवन नहीं बन पाएगा। वर्तमान में तिलकनगर में पुराना कांग्रेस भवन है जो शहर के बीचोंबीच होने के कारण कांग्रेस की कोई भी बैठक या कार्यक्रम होने पर जगह कम पड़ता है और पार्किंग एवं ट्रैफिक की भी समस्या होती है।

**मद परिवर्तन के पश्चात आबंटन के लिए कांग्रेस गई थी कोर्ट** : कांग्रेस भवन के लिए जो जमीन मिली थी वह कृषि मद में दर्ज है इसलिए कांग्रेस कमेटी की ओर से भूमि का मद परिवर्तन करने के पश्चात ही भूमि आबंटन आदेश जारी करने तथा भू-भाटक निर्धारण को उचित नहीं मानते हुए हाईकोर्ट में याचिका लगाई थी। कोर्ट ने याचिका खारिज करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी को धनराशि जमा कराने 6 माह का समय बढ़ाने के आवेदन पर कलेक्टर बिलासपुर को यथोचित निर्णय लेने निर्देशित किया था। इसके बाद भी कांग्रेस कमेटी की ओर भू-भाटक राशि जमा नहीं कराई गई। कांग्रेस कमेटी द्वारा राशि जमा करने 6 माह की अवधि बढ़ाए जाने आवेदन दिया गया था, जिसे अवधि से बाह्य होने के कारण कलेक्टर ने निरस्त कर दिया है।

## बिलासपुर, रायपुर और नागपुर के महत्वपूर्ण ब्रिज पर लगाया गया सिस्टम

# रेलवे ब्रिज पर लगा वाटर लेवल मानिटरिंग सिस्टम बाढ़ से करेगा अफसरों को आगाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जोन के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर के महत्वपूर्ण ब्रिज पर वाटर लेवल मानिटरिंग सिस्टम लगाया गया है, जो ब्रिज के ऊपर और खतरे के निशान तक पानी आने के बाद बाढ़ से रेल अफसरों को तत्काल आगाह करने का काम कर रहा है।

रेलवे लाइन ऐसे ऐसे स्थान पर बनाई गई है, जहां जंगल, पहाड़ी क्षेत्रों के अलावा नदी और नाले भी हैं। जंगल क्षेत्र और पहाड़ी एरिया में रेल लाइन पर ट्रेन चलाने में सबसे ज्यादा दिक्कत तब आती है, जब बारिश के मौसम में लगातार पानी गिरने के कारण चट्टान रेल लाइन पर गिरने लगते हैं। इसके कारण ट्रेनों का परिचालन घंटों प्रभावित होता है। चट्टानों को हटाने में भी काफी समय लग जाता है। जंगल के क्षेत्र में तेज हवाओं की वजह से पेड़ की डंगाल ओएचई में गिरने के कारण टूटने की समस्या होती है। इसी तरह रेल लाइन का निर्माण कार्य नदी और नालों पर भी किया गया है। बिलासपुर से रायपुर के बीच शिवनाथ नदी के बीच में गर्डर लगाकर चार से पांच रेल लाइन का निर्माण कार्य किया गया है। यह नदी भारी बारिश के दौरान उफान पर आ जाती है, जिसकी वजह से नदी का जलस्तर बढ़कर गर्डर तक आना शुरु हो जाता है। इस तरह की समस्या अन्य ब्रिज पर बनाए गए पुलों पर भी होती है। इसे देखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर के महत्वपूर्ण रेलवे पुलों पर नदियों का जलस्तर मापने के लिए मीटर गेज के स्थान पर नई तकनीक वाटर लेवल मानिटरिंग सिस्टम का उपयोग किया जा रहा है, जो बाढ़ से रेल अफसरों को आगाह भी कर रहा है।



### इस तरह करता है काम

नदियों के जलस्तर को मापने की पारंपरिक गेज पद्धति के स्थान पर आधुनिक वाटर लेवल मानिटरिंग सिस्टम लगाया गया है। सेंसरयुक्त यह सिस्टम ट्रैक मैनेजमेंट सिस्टम से जुड़ा होता है। इसमें एक चिप लगा रहता है। उसमें पुल से संबद्ध सहायक मंडल इंजीनियर, कार्य निरीक्षक और रेल पथ निरीक्षक आदि के मोबाइल नंबर दर्ज रहते हैं। पुल पर जलस्तर बताने वाले स्केल को सेंसर सिस्टम रीड करता है। जब जलस्तर खतरे के निशान से बढ़ता या घटता है तो यह मशीन स्वतः संबंधित इंजीनियरों व अधिकारियों को एसएमएस भेजता है।

### इन स्थानों पर लगाया गया है सिस्टम

- बिलासपुर रेल मंडल के झारसुगुड़ा से ईब स्टेशन के बीच ईब नदी पर रेलवे पुल क्रमांक 184अप।
- बिलासपुर रेल मंडल अंतर्गत ईब एवं ब्रजराजनगर स्टेशन के बीच नदी पर रेलवे पुल क्रमांक 182 अप।
- बिलासपुर रेल मंडल अंतर्गत भूपदेवपुर एवं राबर्टसन स्टेशन के बीच नदी पर रेलवे पुल क्रमांक 86अप।
- बिलासपुर रेल मंडल अंतर्गत कोरबा एवं गेवरारोड स्टेशन के बीच नदी पर रेलवे पुल क्रमांक 63 डाउन।
- बिलासपुर रेल मंडल अंतर्गत नैला एवं चांपा स्टेशन के बीच हसदेव नदी पर रेलवे पुल क्रमांक 46 डाउन।
- बिलासपुर रेल मंडल अंतर्गत जयरामनगर एवं अकलतरा रेलवे स्टेशन के बीच रेलवे पुल क्रमांक 12 मिडिल।
- रायपुर रेल मंडल अंतर्गत दगौरी एवं निपनिया स्टेशन के बीच शिवनाथ नदी पर रेलवे पुल क्रमांक 462 मिडिल।
- नागपुर रेल मंडल अंतर्गत रसमड़ा एवं दुर्ग स्टेशन के बीच नदी पर रेलवे पुल क्रमांक 348 डाउन।
- नागपुर रेल मंडल अंतर्गत मुंडीकोटा एवं तुमसर स्टेशन के बीच नदी पर रेलवे पुल क्रमांक 116 अप।
- नागपुर रेल मंडल अंतर्गत कन्हान एवं कामठी स्टेशन के बीच नदी पर रेलवे पुल क्रमांक 34अप।
- नागपुर रेल मंडल अंतर्गत वडसा एवं ब्रम्हपुरी स्टेशन के बीच नदी पर रेलवे पुल क्रमांक 159जीसीएफ।
- नागपुर रेल मंडल अंतर्गत बरगी एवं ग्वारीघाट स्टेशन के बीच नदी पर रेलवे पुल क्रमांक 348डाउन।



## बारिश में तालाब बना रेलवे का अंडरब्रिज

तारबाहर और चुचुहियापारा रेल क्रासिंग पर लोगों की सुविधा के लिए 30 करोड़ रुपए की लागत से अंडरब्रिज का निर्माण कार्य किया गया है, जहां मेंटनेंस के अभाव की वजह से दोनों अंडरब्रिज की हालत जर्जर हो चुकी है। यहां कदम-कदम पर गड्ढे और धूल के साथ साल के बारिश के दौरान पानी भरने से तालाब की स्थिति निर्मित हो जाती है। इसकी वजह से लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

■ **तारबाहर औयिपारा बना है 30 करोड़ में, जहां सबसे अधिक रहती है लोगों को समस्या**

तारबाहर और चुचुहियापारा के बीच बनी रेल क्रासिंग से प्रतिदिन 300 से अधिक मालगाड़ियों के अलावा 100 से अधिक एक्सप्रेस, सुपरफास्ट, राजधानी, दूरंतो और पैसेंजर, लोकल मेमू ट्रेनों की आवाजाही होती है। इसके अलावा तारबाहर रेल क्रासिंग पर बने यार्ड से बिलासपुर आने वाली गाड़ियों को मेंटनेंस व सफाई के लिए कोचिंग डिपो की ओर रवाना किया जाता है। तारबाहर रेल यार्ड पर वर्ष 2011 में लोकल ट्रेन से टकराकर कुछ लोग की मौत हो गई थी। वहीं आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए थे। इन सभी को रेलवे बोर्ड से मुआवजा तो मिल गया, लेकिन आने-जाने की समस्या दूर नहीं हो सकी थी। दो साल बाद रेलवे और राज्य शासन ने तारबाहर और चुचुहियापारा रेल क्रासिंग पर अंडरब्रिज बनाने के लिए एमओयू साइन किया। रेलवे बोर्ड ने वर्ष 2014-15 में तारबाहर रेल क्रासिंग पर अंडरब्रिज बनाने के लिए 12 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत कर दी। इस राशि का आबंटन होने के बाद तारबाहर पर अंडरब्रिज बनाया गया, लेकिन यह अंडरब्रिज सिरगिट्टी बाइपास रेल लाइन के पहले यानि शिव मंदिर तक ही बन सका। इसकी वजह से सिरगिट्टी की ओर से तारबाहर आने-जाने वाले लोगों को बाइपास पर बंद बेरियर के कारण परेशानी उठानी पड़ी। तारबाहर रेल क्रासिंग पर अंडरब्रिज बनाने के तीन साल बाद चुचुहियापारा लोगों की मांग पर करीब 10 करोड़ रुपए की लागत से एक और अंडरब्रिज का निर्माण कार्य कर दिया गया। इन दोनों अंडरब्रिज के बनने से कुछ दिन तक लोगों को राहत तो मिली है, लेकिन मेंटनेंस नहीं होने के कारण लोगों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है।

### 24 घंटे की जा रही निगरानी

रेलवे के अनुसार बिलासपुर डिवीजन में 18 रेलवे अंडरपास में जलभराव की निगरानी के लिए कर्मचारी तैनात किए गए हैं, जिनके द्वारा 24 घंटे नियमित रूप से पानी के लेवल की निगरानी की जा रही है। जल निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने के साथ पंपिंग सेट आदि उपकरणों की व्यवस्था की गई है, ताकि किसी भी स्थिति में तत्काल जल निकासी की जा सके। सभी संवेदनशील स्थानों पर चौबीस घंटे मोबाइल, स्थिर गश्ती दल तैनात किए गए हैं।

### दूर की जाएगी समस्या

तारबाहर और चुचुहियापारा अन्य रेल क्रासिंग पर अंडरब्रिज को लोगों की सुविधा के लिए बनाया गया है। दोनों अंडरब्रिज हावड़ा-मुम्बई मार्ग और यार्ड में होने के कारण महत्वपूर्ण हैं। इसमें अगर समस्या है तो संबंधित विभाग से जानकारी ली जाएगी, ताकि रेलवे के मानक के हिसाब से इसमें सुधार करने के बाद समस्या दूर की जा सके।

**-अनुराग कुमार सिंह**
सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

## 8 साल बाद सिम्स में किया गया पार्किंग का ठेका



**बिलासपुर।** सिम्स परिसर में आए दिन वाहनों की चोरी होती है, पिछले 8 सालों से पार्किंग नहीं होने का फायदा उठाकर चोरों ने आफत मचाई है, हालांकि में सिम्स की महिला डाक्टर की गाड़ी चोरी होने के बाद प्रबंधन ने कड़ा फैसला लिया है और अब सिम्स में आने वाले प्रत्येक व्यक्तियों को टोकन के साथ पार्किंग शुल्क लिया जाएगा। इसका फायदा यह है कि इससे मिलने वाली राशि सिम्स के उन्नयन में लगाया जाएगा।

सिम्स प्रबंधन ने 8सालों से बंद पार्किंग का ठेका फिर से शुरू कर दिया है। निजी ठेकेदार को पार्किंग में गाड़ियों की सुरक्षा की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मंगलवार से ठेकेदार ने काम शुरू कर दिया है। इस दौरान सिम्स आडोटोरिम के सामने लगने वाली भीड़ कम होगी और मरीजों से महज 5 से 30 रूपए की वसूली कर वाहनों की सुरक्षा की चॉकचौबंद व्यवस्था की जाएगी। बताया जा रहा है कि मरीजों से साइकल 5, बाइक 10 और कार पार्किंग के लिए 30 रूपए लिया जाएगा। खास बात यह है कि इससे पहले सिम्स में 3 जगहों के लिए पार्किंग का ठेका किया जाता रहा है लेकिन इस बार प्रबंधन ने 1 ही ठेका किया है जबकि स्टाफ के लिए पार्किंग सुरक्षा अभी भी गार्ड के भरोसे की जाएगी।

### बाकी जगह का भी होगा ठेका

पार्किंग नहीं होने से हमारे गार्ड पार्किंग को मैनेज करने में लगे रहते थे, इस दौरान उनका कोई काम नहीं होता था। वहीं पार्किंग का ठेका देने के बाद ठेकेदार अपनी जवाबदारी में लोगों की गाड़ियों को सुरक्षित कर सकेंगा। अन्य जगहों के लिए भी ठेका किया जाएगा।

**-डॉ लखन सिंह**, अधीक्षक, सिम्स

## एयूः यूटीडी की समस्याओं को लेकर कुलपति से मिले छात्र



**बिलासपुर।** अटल बिहारी वाजपेयी यूनिवर्सिटी के शिक्षण विभाग यूटीडी में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की कई समस्याएं है। ऐसे ही पांच सूत्रीय समस्या व मांगों को लेकर छात्र-छात्राओं ने सोमवार को यूनिवर्सिटी के कुलपति आचार्य अरूण दिवाकरनाथ वाजपेयी से मुलाकात की। कुलपति ने छात्र-छात्राओं की बातों को गंभीरता से सुनने के बाद पांच में चार मांगों को पूरा करवाने का आश्वासन दिया है।

■ **छात्रों ने कुलपति को सौंपा पांच सूत्रीय ज्ञापन**

अटल यूनिवर्सिटी के यूटीडी में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं ने यूनिवर्सिटी के कुलपति श्री वाजपेयी से कहा कि यूनिवर्सिटी में कैंटीन को सुचारू रूप से चलाया जाए। कैंटीन की समस्या के चलते छात्र-छात्राओं को चाय, नाश्ता, खाने, पीने की समस्या होती है। छात्रों ने शहर से यूनिवर्सिटी आने-जाने के लिए बस सुविधा उपलब्ध कराने की मांग भी कुलपति के समक्ष रखी है। उनका कहना है कि शहर से यूनिवर्सिटी काफी दूर पड़ता है इसलिए उन्हें यूनिवर्सिटी पढ़ने आने-जाने में बहुत समस्या होती है इसलिए बस सुविधा जरूरी है। यूनिवर्सिटी में बीएससी बायोटेक कोर्स है इसलिए बायोटेक में एमएससी प्रारंभ किया जाना चाहिए। क्योंकि बायोटेक में बीएससी करने के बाद उन्हें एमएससी करने के लिए बाहर दूसरे संस्थानों में जाना पड़ता है। कुलपति से मिलने वालों में यूटीडी के यश अवस्थी, गौरव गवेल, जितेन्द्र पटेल, प्रदीप गवेल, भावेश गुप्ता, अभिनीत, खुमान सिंह, मनीष, पीयूष, तरूण, दीपक आदि छात्र-छात्राएं शामिल रहें।

## तीन दिवसीय भगवान झूलेलाल की कथा में श्रद्धालुओं ने लिया भक्ति संगीत का आनंद

**बिलासपुर।** बाबा गुरुमुखदास सेवा समिति तथा पूज्य सिंधी पंचायत भक्त कंवरराम नगर सिंधी कालोनी द्वारा कलश यात्रा एवं तीन दिवसीय भगवान झूलेलाल की कथा प्रारंभ की गई।

इसमें सतगुरु साई लालदास साहेब सिंधु अमरधाम सक्षम चकरभाटा के दिव्य आशीर्वाद एवं पावन सानिध्य में कलश यात्रा 3 जुलाई को एवं तीन दिवसीय भगवान श्री झुलेलाल की पावन कथा का आयोजन 3, 4 एवं 5 जुलाई को पूज्य पंचायत भवन भक्त कंवर राम नगर सिंधी कालोनी में धूमधाम से मनाया गया। 3 जुलाई को कलश यात्रा धनगुरू नानक दरबार से प्रारंभ होकर पूज्य पंचायत भवन सिंधी कालोनी तक निकली। इसमें भक्तों ने भगवान झूलेलाल का आशीर्वाद प्राप्त किया। यात्रा में ढोल नगाड़ों, झांकियों एवं भजनों के साथ भक्तमय वातावरण निर्मित हुआ। तीन दिवसीय पावन कथा वाचन में संत महापुरुषों के सानिध्य में भगवान झूलेलाल की जीवन गाथा, प्रेरक प्रसन एवं भजनों के माध्यम से भक्तों को आध्यात्मिक लाभ प्रदान किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद थे। कथा उपरांत प्रतिदिन श्रद्धालुओं के लिए प्रसादी की विशेष व्यवस्था रखी गई थी। इस संपूर्ण आयोजन की पीछे उददेश्य समाज में एकता प्रेम एवं भाईचारे की भावना को प्रबल करना। सिंधी संस्कृति, परंपराओं एवं धार्मिक आस्था को जीवित रखना तथा युवा पीढ़ी को अपने गौरवमयी इतिहास एवं धार्मिक विरासत से जोड़ना था, जिसमें यह सफल रहा।



## भारत स्काउट्स एवं गाइड्स ने अरपा किनारे किया पौधरोपण

**बिलासपुर।** भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के आव्हान पर एक पेड़ मां के नाम पर अरपा नदी के किनारे स्काउट्स, गाइड्स द्वारा पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ के राज्य मुख्य आयुक्त डा सोमनाथ यादव ने कहा कि जिला संघ बिलासपुर द्वारा पौधरोपण समारोह को मां अरपा नदी के किनारे करना निहायत जरुरी था।

आज नदी सुख रही है इसलिए नदी ,तालाबों के किनार पौधरोपण करना और बड़ा होने तक सुरक्षित रखना दोनों कार्य जरूरी है। उन्होंने कहा अरपा किनारे पौधे लगाना पुनीत कार्य है। कार्यक्रम के अध्यक्ष जिला मुख्य आयुक्त चंद्रप्रकाश बाजपेई और विशिष्ट अतिथि जिला शिक्षा अधिकारी डॉ अनिल तिवारी ने कहा कि स्काउट्स एवं गाइड्स आज प्रण करे कि अपने जन्म दिन पर एक पौधे लगाए। उसे बड़ा होने तक सुरक्षित रखे। विशिष्ट अतिथि माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य डॉ प्रफुल्ल शर्मा, बिलासा कला मंच के अध्यक्ष महेश श्रीवास, डॉ सुधाकर बिबे, डा भगवती प्रसाद चंद्रा,चंद्रप्रदीप बाजपेई, मनीष गुप्ता,दिनेश्वर जाधव, एम डी मानिकपुरी, विनोद गुप्ता, देवानंद दुबे, विजय यादव, भूपेंद्र शर्मा, मंजू यादव, गायत्री तिवारी नवनीत कौशिक आदि ने भी सेवा कार्य की प्रशंसा की। राम सेतु और इंदिरा सेतु के मध्य अरपा नदी किनारे आयोजित समारोह में लता यादव, माधुरी यादव, बीना यादव, संतोष त्रिपाठी, महेंद्र बाबू टंडन, डॉ. प्रदीप कुमार निर्णेजक, शत्रुहन सूर्यवंशी, नवीन यादव, अनिल सोनवानी, शमिता शर्मा, किरण बाला पांडे , डॉ.भारती दुबे, रश्मि तिवारी,डॉ.पूनम सिंह आदि मौजूद थे।



## 16 हजार से ज्यादा फ्रेशर के आवेदन

# फर्स्ट ईयर के लिए अब तक आनलाइन मिले 59 हजार 117 आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

फर्स्ट ईयर में एडमिशन के लिए अटल यूनिवर्सिटी के पोर्टल में सेकंड राउंड तहत आनलाइन रजिस्ट्रेशन आवेदन करने का सोमवार को आखिरी दिन रहा। अभी तक दो चरण के रजिस्ट्रेशन मिलाकर 59 हजार 117 आनलाइन आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इसमें दूसरे चरण के आवेदन कालेजों को आनलाइन भेज दिए जाएंगे।

अटल यूनिवर्सिटी से संबद्ध कालेजों में फर्स्ट ईयर, सेमेस्टर में एडमिशन का दूसरा राउंड शुरू हो रहा है। पहले राउंड के लिए 2 जुलाई को मेरिट लिस्ट जारी हुआ था, जिसके अनुसार लिस्ट में नाम वाले छात्र-छात्राओं को कालेजों में एडमिशन दिया जा रहा है। पहले राउंड के लिए 54 हजार से अधिक आनलाइन आवेदन आए थे। इसमें 16 हजार 432 फ्रेशर स्टूडेंटस ने आवेदन किया था। इसके बाद दूसरे राउंड का आनलाइन रजिस्ट्रेशन आवेदन प्रक्रिया शुरू हुई, जिसके लिए सोमवार आखिरी दिन रहा। शाम तक यूनिवर्सिटी के पोर्टल में 59 हजार 117 आनलाइन आवेदन प्राप्त हो चुके हैं।



### पहले लिस्ट में हाई गया था कटऑफ

फर्स्ट ईयर में एडमिशन के लिए कालेजों में जो मेरिट आधार पर पहली लिस्ट निकाली गई थी, उसमें काफी हाई कटऑफ गया था। गवर्नमेंट कालेजों के अलावा प्राईवेट कालेजों में कटऑफ हाई गया था। इसमें सीएमडी कालेज में बीएससी और बीकाम में सर्वाधिक कटआफ रहा। बीएससी बायो में 93 प्रतिशत व बीएससी मैथ्स में 97.3 प्रतिशत, बीएससी बायोटेक 92.8 व बीएससी कंप्यूटर साइंस में 93.4 प्रतिशत कटआफ गया। इसी प्रकार बीए में भी सर्वाधिक 94 और कम 78 प्रतिशत तथा बीकाम में 72 से लेकर सर्वाधिक 97 प्रतिशत तक कटआफ गया है। एसबीटी कालेज में बीएसी विज्ञान संकाय में 57 प्रतिशत, बीएससी गणित में 62 प्रतिशत, बीकाम में 57 प्रतिशत, बीए में 51 प्रतिशत, बीसीए में 61 प्रतिशत, बीबीए में 52 प्रतिशत, डीसीए में 62 प्रतिशत कटऑफ गया है।

## बिजनेस प्लस

### श्री गणेश ऑर्चिड में ग्राहकों की चांदी ही चांदी, बुकिंग पर जीते आकर्षक ऑफर्स



**बिलासपुर।** रियल एस्टेट कंपनी श्री गणेश रियाल्टी द्वारा प्रस्तुत शानदार रेसिडेंशियल प्रोजेक्ट श्री गणेश ऑर्चिड के शुभारंभ पर ग्राहकों ने कई आकर्षक उपहार जीते। इसमें पहले 3 लकी विनर्स को मिला 10 ग्राम का सोने का सिक्का।

अगले 4 लकी ड्रॉ विनर्स को मिला 5 ग्राम का सोने का सिक्का और हर बुकिंग पर ग्राहकों मिले निश्चित उपहार। 10 ग्राम सोने का सिक्का प्राप्त करने वाले भाग्यशाली विजेताओं में जयश्री नवरंग, चितरंजन कर्माकर, राजा मुखर्जी एवं 5 ग्राम सोने का सिक्का प्राप्त करने वाले विजेताओं में अजय विश्वनाथन, दिलीप कुमार मंडल, दामोदर पंडित एवं नन्द किशोर साहू थे। श्री बजाज ने बताया कि श्री गणेश ऑर्चिड – प्रीमियम 3 बीएचके अपार्टमेंट्स का वह प्रोजेक्ट है जो आधुनिक शहरी जीवनशैली और प्रकृति की शांति का सुंदर संगम है। यह सिर्फ एक घर नहीं, बल्कि आपकी कल्पनाओं का ऊँचा, सुसज्जित और सुरक्षित महल है – जहां खुली हवा, बादलों की बात, और शांत नज़ारे हर सुबह को खास बना देंगे। शुभारम्भ पर मुख्य अतिथि प्रसिद्ध बिल्डर प्रकाश ग्वालानी, प्रसिद्ध आर्किटेक्ट श्याम शुक्ला, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ ललित माखीजा थे। इसके अलावा डीडी बजाज, विनोद खत्री, बिलासपुर चैम्बर के अध्यक्ष भागचंद बजाज, व्यापार विहार के अध्यक्ष विनोद मेंघानी, मनोहर राव आदि उपस्थित थे। मंच का संचालन सी ए कमल बजाज ने किया एवं आभार भागचंद बजाज ने किया।

श्री गणेश रियालिटी के डायरेक्टर पी एन बजाज ने बताया कि शुभारंभ के दिन ही 50 ग्राहकों ने अपने सपनों का आशियां बुक किया। आने वाले दिनों में भी बुकिंग करने वाले ग्राहकों के कई सारे सरप्राइज़ उपलब्ध हैं।

हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, बुधवार 9 जुलाई 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



## उत्सव

### स्वदेशी जागरण का भाव रहा केलकर में, मनाया गया जन्मोत्सव

**बिलासपुर।** पारिजात कालोनी स्थित तेजस्विनी छात्रावास में लक्ष्मीबाई केलकर के जन्मोत्सव को संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। इसमें बताया गया कि श्रीमती केलकर के अंदर संस्कार के साथ ही स्वदेशी जागरण का भाव था। जब उनका विवाह केलकर परिवार में हुआ तो उन्होंने घर की सारी जिम्मेदारी




संभालते हुए घर में आने वाली विदेशी तथा चीनी कपड़ों पर रोक लगा स्वदेशी चीजों को प्राथमिकता देने लगी। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवित कर किया गया। साथ ही बताया गया कि मौसी लक्ष्मीबाई केलकर ने अपने लिए एक प्रशस्त मार्ग बनाया। अनंत दुखों के बाद भी वह दृढ़ता से खड़ी रही। विश्व की अनेक बहनें उनको मौसी मानती हैं। उनकी मां यशोदा बाई ने उनको सहनशीलता एवं प्रखर राष्ट्रभक्ति दी। उनकी जीवन गाथा ही हम सबके लिए प्रेरणादायी है। उनके जीवन का प्रत्येक पड़ाव हमारे लिए जीवन शिक्षा है। स्वदेशी को लेकर मौसीजी का विचार था कि स्वदेशी देश की आत्मनिर्भरता को मजबूत करता है। जब हम देश में बने उत्पादों का उपयोग करते हैं, तो इससे हमारे किसानों, कारीगरों और छोटे उद्योगों को सीधा लाभ मिलता है। विदेशी निर्भरता को कम करता है और अपनी सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखते हैं।

## कार्यक्रम

### हरियाणा में नाटक शबरी की राम भक्ति का मंचन करने टीम रवाना



**बिलासपुर।** संगम नाट्य समिति द्वारा ओशोधारा के साथ मिलकर रामचरित मानस पर आधारित नाटक शबरी की राम भक्ति तैयार किया गया है। जिसकी आज रिहर्शल पूरी हो गई। इस नाटक का मंचन 10 जुलाई को समर्थ गुरु आश्रम मुरथल हरियाणा में किया जाएगा। नाटक में रामचरित मानस के एक अंश को राम और शबरी के संवाद और एक भील महिला के प्रति प्रभु श्रीराम का प्रेम व माता सबरी द्वारा दिए जा रहे जूठे बेर को प्रभु आत्मिक भाव से स्वीकार करते हुए दिखाया जाएगा। उनके द्वारा प्रभु मिलन की आस और मातृ स्नेह को दर्शाता यह नाटक तैयार किया गया है। नाटक की परिकल्पना एवं निर्देशन रोहित वैष्णव ने किया है। इसके सभी पात्र ओशोधारा के कलाकार हैं। जिन्हें रोहित वैष्णव द्वारा नाटक के अनुरूप तैयार करवाया गया है।

## आयोजन

### आर्य समाज में सत्संग : वेद संवाहक साहेबराम के कार्यों से लें प्रेरणा



**बिलासपुर।** आर्य समाज वसुंधरा विहार में आयोजित साप्ताहिक यज्ञ एवं सत्संग में बहन संध्या शर्मा ने भजन प्रस्तुत किया। यज्ञ के यजमान प्रतीक, श्रद्धा गुप्ता, रविकांत वस्त्रकार, अशोक वर्मा, राजेश बत्रा और राम चावला सपरिवार रहे। विधि बत्रा ने आर्य समाज के स्तंभ रहे स्व. साहेबराम बत्रा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि उन्होंने वेद मार्ग पर चलते हुए अनेक लोगों को वेदों की ओर लौटो का संदेश दिया और समर्पित होकर वेद विद्या का प्रचार-प्रसार किया। गौ रक्षा आंदोलन में भाग लेकर जेल भी गए। ऐसे महान वेद संवाहक साहेबराम बत्रा की पुण्य स्मृति से हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए। आचार्य जयदेव शास्त्री ने बताया कि आर्य समाज वसुंधरा विहार प्रयासरत है कि हर घर में वैदिक संस्कृति और सभ्यता की स्थापना हो।

## धर्म-क्षेत्र

### अमरनाथ यात्रा के लिए पहला जत्था रवाना उसलापुर स्टेशन में भक्तिमय माहौल



**बिलासपुर।** अमरनाथ यात्रा के लिए बिलासपुर से बरई समाज का पहला जत्था उसलापुर स्टेशन से रवाना हुआ। टीम की सुषमा तंबोली ने बताया कि जत्थे में 40 लोग हैं। जिसमें बिलासपुर, रायपुर, जोंधरा, दुर्ग से समाज के बच्चे, महिला, पुरूष सभी शामिल है। रवाना होने के समय बर्फानी बाबा का दर्शन करने को लेकर टीम के सभी लोग उत्साहित रहे। जयकारे से माहौल भोलेनाथमय रहा। अमरनाथ यात्रा के लिए रवाना होने वालों में खगेश्वर, वसुंधरा थवाईत, अनिमेश, आयुष, ललिता, भरत, आकाश, सुस्मिता, श्रियांश, किरत, सरिता, हिमांशु, रामनरेश, धनेश्वरी सहित अन्य लोग शामिल है।

# सावन 11 से, इस बार चार सोमवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



हिंदू धर्म में सावन को प्रेम, भक्ति और हरियाली का प्रतीक माना जाता है। इस माह देवों के देव महादेव की उपासना का विधान है। शास्त्रों के मुताबिक सावन भोलेनाथ का प्रिय महीना है। इस अवधि में प्रभु की उपासना और उपवास करने से साधक को आर्थिक लाभ, सामाजिक सम्मान और शारीरिक बल की प्राप्ति होती हैं। इसके अलावा सावन तप-तपस्या के लिए भी सबसे शुभ समय है। पौराणिक कथा के अनुसार सावन माह में माता पार्वती की तपस्या से प्रसन्न होकर शंकर जी ने देवी को पत्नी के रूप में स्वीकारा था। इसलिए इस माह की उपासना का विशेष महत्व होता है। वहीं इस बार 11 जुलाई से सावन शुरू हो रहा है और 9 अगस्त 2025 को समापन होगा। यानी इस बार 28 दिन सावन का पुनीत माह होगा जिसमें चार सावन सोमवार पड़ेगे।

बिलासपुर और आसपास के क्षेत्रों में शिवालयों में जलाभिषेक व पूजन होगा शिव मंदिरों में पूरे महीने रुद्राभिषेक चलेगा। इस बार सावन महीने की शुरुआत शुक्रवार से हो रही है और पहला सावन सोमवार 14 जुलाई को पड़ रहा है। इस दिन मंदिरों में सुबह से भोलेनाथ की विशेष पूजन शुरू हो जाएगा, भक्तों के लिए जलाभिषेक और रुद्राभिषेक का विशेष महत्व रहेगा।

पंडितों ने बताया कि श्रावण सोमवार के साथ-साथ 22 जुलाई को पड़ने वाला भौम प्रदोष व्रत भी रूद्राभिषेक के लिए अत्यंत शुभ है। भक्त हर सोमवार को गंगाजल, दूध, दही, घी, शहद व पंचामृत से शिवलिंग का जलाभिषेक करेंगे। मान्यता है कि श्रावण मास में किया गया अभिषेक शीघ्र फल देता है और मनोकामनाओं की पूर्ति करता है। वहीं सावन कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी पर भी भक्त विशेष पूजा करेंगे। शहर के मंदिरों में पहले सोमवार को पूजा-अर्चना के बाद मंदिरों महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। सावन मास को लेकर मंदिरों में तैयारी पूरी कर ली गई है।

### कब-कब है सोमवार व्रत 2025

- 14 जुलाई को पहला सोमवार व्रत
- 21 जुलाई को दूसरा सोमवार व्रत
- 28 जुलाई को तीसरा सोमवार व्रत
- 04 अगस्त को चौथा सोमवार व्रत

### कब-कब है मंगला गौरी व्रत 2025

- 15 जुलाई को सावन का पहला मंगला गौरी व्रत
- 22 जुलाई को सावन का दूसरा मंगला गौरी व्रत
- 29 जुलाई को सावन का तीसरा मंगला गौरी व्रत
- 05 अगस्त सावन का तीसरा मंगला गौरी व्रत

### सावन की इस साल की तिथि

वैदिक पंचांग के अनुसार, आषाढ़ पूर्णिमा 10 जुलाई को मनाई जाएगी। इसके अगले दिन यानी 11 जुलाई से सावन के महीने की शुरुआत होगी। आषाढ़ पूर्णिमा तिथि की शुरुआत 11 जुलाई को देर रात 02 बजकर 06 मिनट पर होगी। वहीं, तिथि का समापन 12 जुलाई को देर रात 02 बजकर 08 मिनट पर होगा। ऐसे में 11 जुलाई से सावन महीना शुरू होगा।



### इन मंदिरों में होगी विशेष पूजा

शहर के अष्टमुखी शिव मंदिर, चांटीडीह मेलापारा शिव मंदिर,पीतांबरा पीठ, घोषा बाबा मंदिर, हरदेव लाल मंदिर, तिफरा काली मंदिर, व्यंकटेश मंदिर, तिलक नगर स्थित राम मंदिर, जगमल चौक स्थित सीता-नाम मंदिर, विद्यानगर शिव मंदिर, शहर के सरकंडा स्थित नंदीश्वर महादेव मंदिर, गायत्री शक्तिपीठ शिव मंदिर में सावन उत्सव मनाया जाएगा। पूरे सावन रुद्राभिषेक होगा, भगवान का महाकाल की तर्ज पर श्रृंगार होगा। अष्टमुखी मंदिर में भगवान शिव का विशेष पूजन होगा। मध्य नगरी चौक के पास स्थित यह शिव मंदिर लगभग 200 साल पुराना मंदिर है।

### पंचांग

**ब्रह्म मुहूर्त** - सुबह 04 बजकर 10 मिनट से 04 बजकर 51 मिनट तक
**विजय मुहूर्त**- दोपहर 02 बजकर 45 मिनट से 03 बजकर 40 मिनट तक
**गोधूलि मुहूर्त**- दोपहर 07 मिनट 21 मिनट से 07 बजकर 41 मिनट तक
**अमृत काल**- रात 12 बजकर 01 मिनट 12 से 01 बजकर 40 मिनट तक
**सूर्योदय** - सुबह 05 बजकर 31 मिनट पर
**सूर्यास्त** - शाम 07 बजकर 22 मिनट पर
**चन्द्रोदय** - रात 08 बजकर 05 मिनट पर
**चंद्रास्त** - सुबह 05 बजकर 35 मिनट पर

### इन बातों का रखें ध्यान

- सावन के महीने में रोजाना भगवान शिव की पूजा-अर्चना करें।
- गंगाजल, शहद, जल, बेलपत्र, कच्चा दूध और सफेद फूल समेत आदि चीजों से अभिषेक करें।
- पूजा के दौरान शिव मंत्र और शिव चालीसा का पाठ करें।
- अन्न और धन समेत आदि चीजों का दान करें।

# योग से नैतिक आचरण एवं आत्मीयता का विकास

**अटल बिहारी वाजपेई विश्वविद्यालय के योग विज्ञान विभाग एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में अष्टांग योग के आठ प्रहर का वर्चुअल अष्टांग योग में यम विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

### अटल में अष्टांग योग पर वर्चुअल सत्र का आयोजन



संचालन डॉ सत्यम तिवारी ने मंत्र उच्चारण के माध्यम से किया एवं कार्यक्रम के रूपरेखा के विषय में बतलाया, उन्होंने बतलाया यम का वर्णन पातंजल योग सूत्र के दूसरे अध्याय के 29 वे सूत्र में किया गया है, यम के अंतर्गत अहिंसा , सत्य , अस्तेय ,ब्रह्मचर्य, अपरिग्रह एवं उनके लाभ और फलों की चर्चा महर्षि पतंजलि ने की है। यम के आचरण से मनुष्य में मानसिक एवं आत्मिक शुद्धि का मार्ग प्रशस्त होता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्वामी परमार्थ देव ने बताया समाज में व्यक्त हिंसा स्वार्थ पड़ता विषमता को यम के अभ्यास के द्वारा ही दूर किया जा सकता है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रो. जी.डी. शर्मा ने कहा की नैतिक आचरण एवं आत्मीयता का विकास व्यक्ति में होता है। अति विशिष्ट अतिथि रूप नारायण सिंह ने बताया की यम के द्वारा आंतरिक और नैतिक गुण का विकास होता है, सामाजिक जीवन जीने के लिए यम की आवश्यकता होती है।

कार्यक्रम के अंत में अध्यक्षीय उद्बोधन कुलपति अचार्य अरुण दिवाकर नाथ बाजपेई ने दिया,उन्होंने बतलाया अष्टांग योग की शुरुआत और अंतिम परिणीति यह है सत्य के पालन से ही यम के अंतर्गत अन्य चार अंग अहिंसा सत्य ब्रह्मचर्य अपरिग्रह सिद्ध होते हैं। यह के अभ्यास से व्यक्ति नाटकीयता और कृत्रिमता से बचकर शुद्ध जीवन जीने की ओर प्रेरित होता है यम के अभ्यास से व्यक्ति संयमी और शट विकारों पर नियंत्रण रखने के योग्य होता है। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद यापन डॉ मनोज सिन्हा द्वारा दिया गया।



# कवियों ने श्रृंगार, विरह, हास्य-व्यंग्य शांत रस की कविताओं से बांधा समा

**बिलासपुर।** छंदशाला की मासिक काव्यगोष्ठी संयोजिका डॉ सुनीता मिश्रा के निवास नर्मदा नगर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ कवयित्री उषा तिवारी और अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार ओमप्रकाश भट्ट ने और समीक्षा का निर्वहन संयोजिका डॉ सुनीता मिश्रा ने निभाई। छंदशाला की यह काव्यगोष्ठी शहर ही नहीं वरन प्रदेश में हो रही काव्य गोष्ठियों की श्रृंखला में असाधारण महत्त्व रखती है, क्योंकि इस गोष्ठी में सभी रचनाकारों ने बिना डायरी या मोबाइल देखे कविता सुनाईं। इस दृष्टि से यह एक ऐतिहासिक गोष्ठी रही। श्रृंगार,विरह,हास्य-व्यंग्य और शांत रस की कविताओं ने सभी के हृदय को छुआ। अध्यक्षता कर रहे छंदशाला के मार्गदर्शक ओमप्रकाश भट्ट ने कवि सम्मेलनों के गिरते स्तर पर चिंता व्यक्त की और उसमें सुधार लाने का आह्वान किया। डॉ मंतराम यादव ने कहा अहंकार का भाव रचनाकार के विकास में बाधक है। डॉ सुनीता मिश्रा ने छंदशाला की प्रगति को देखकर स्वयं को अभिभूत पाया और कविता को अंतस का उद्गार बताया। कार्यक्रम का संचालन कवयित्री कामना पांडेय ने, आभार प्रदर्शन छंदशाला के अध्यक्ष विनय पाठक ने किया।



### देखो कितनी सुंदर घटा छाई है

बाल मुकुंद श्रीवास ने कहा अच्छा होता पैदा अगर न तुझको करती,मनीषा भट्ट ने प्रश्न चिन्ह जिंदगी बनी हम जबान खोजते रहे, अवधेश भारत तुमको जाएं भूल कहां हम मन में है बस राम राम, बुधराम यादव ने नैना नीर भरे कोई फिर न झरे,सरोज ठाकुर ने भ्रष्टाचार की इस नदी में मैं भी गोता लगा रही,राजेश दुबे ने राजनीति के सावन में जब बादल चुनाव के छाते हैं, देवेन्द्र शर्मा पुष्प ने कलम कापियां दे दे मुझको मैं पढ़ने जाऊं,ललिता यादव ने प्राचीन नाम दक्षिण कौशल, कामना पांडेय ने जन्म का उत्सव मनाते हैं अयोध्या धाम में, ध्रुव देवांगन ने भरथरी शैली में पाकिस्तान की सेना अपने आकाओं के समक्ष, भास्कर मिश्रा ने जूते चप्पल और जूतियां खाईं जाती हैं। जगतारन डहरे बादर धडधडावत हे चुहचुहागे पानी,कवि ओमप्रकाश भट्ट ने देखो कितनी सुंदर घटा छाई है बरसात में, डॉ सुनीता मिश्रा ने बहुत दिनों से सोच रही थी गीत लिखूं।

कवयित्री सुषमा पाठक ने समाज के वैचारिक प्रदूषण को शुद्ध करने की प्रेरणा दी। चल सकूँ मैं नेक पथ पर शुद्ध हो मम भावना, उषा तिवारी ने आंचलिक भाषा में नारी समाज की वेदना को व्यक्त किया मुख ले गोठियाववँ परोसिन,शैलेंद्र गुप्ता ने न्यायपालिका की कमजोरियों को उजागर करते हुए कहा कानून है अंधा आज करता न कोई काज विनय पाठक ने मानवता को आध्यात्म से जोड़ने का प्रयास किया। जिन चरणों की पवन पावनी रज मस्तक पर ला न सका,गजानंद पात्रे ने विकृत होती ग्रामीण संस्कृति पर चिंता व्यक्त की कहाँ गँवागे गाँव मया के,सेवक एस कपूर ने मानव के अंतर्द्वन्द्व को चित्रित करते हुए कहाःदर्द की गहरी घाटियों में सूकून तलाशते हैं।

## स्पोर्ट्स न्यूज

# चतुर्थ जेवलिन थ्रो चैंपियनशिप इस बार 7 अगस्त से

**ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता महान एथलेटिक्स खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने ओलंपिक में इतिहास रचकर पूरे देश को गौरवान्वित किया। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि के उपलक्ष्य में एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने 7 अगस्त को हर वर्ष जेवलिन डे के रूप में मनाने का निर्णय लिया है, ताकि पूरे भारत में जेवलिन थ्रो खेल के प्रति जागरूकता बढ़े और ज्यादा से ज्यादा खिलाड़ी इस खेल में भाग लें।**



बिलासपुर। नीरज चोपड़ा ने अपनी मेहनत और लगन से देशभर के खिलाड़ियों, विशेषकर छत्तीसगढ़ के युवाओं में जेवलिन थ्रो के प्रति नया उत्साह पैदा किया है। इसी उद्देश्य को आगे बढ़ाते हुए छत्तीसगढ़ एथलेटिक्स संघ भी पिछले तीन वर्षों से जेवलिन डे को बड़े हर्षोल्लास के साथ मना रहा है और इस वर्ष यह चौथा जेवलिन डे बिलासपुर में मनाया जाएगा। इसके अंतर्गत चतुर्थ जेवलिन थ्रो चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है जिसमें छत्तीसगढ़ के सभी जिलों के बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग ले सकते हैं। यह सुबह 8:30 बजे से प्रारंभ होगा, जिसमें अंडर-14, अंडर-16, अंडर-18, अंडर-20, अंडर-23 खिलाड़ी शामिल होंगे।



### राज्य स्तरीय प्रतियोगिता : जिला बैडमिंटन संघ ने किया चयन

राज्य स्तरीय प्रतियोगिता 5 से 19 जुलाई तक आयोजित होना है, जिसमें अंडर-19 एवं सीनियर खिलाड़ियों की जिला बैडमिंटन संघ द्वारा बैडमिंटन कोर्ट में चयन प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में दोनों वर्गों से 120 बालक बालिका बैडमिंटन खिलाड़ियों का चयन किया गया। चयन प्रतियोगिता में जिला बैडमिंटन संघ के अध्यक्ष अरविंद गोयल, सचिव एमएल चंद्राकर, उपाध्यक्ष मनीष उभरानी थे। चयन प्रतियोगिता में जिला बैडमिंटन संघ के पदाधिकारी एवं सदस्यों के साथ आयुष राय, ब्रह्मदेव ठाकुर, संदीप यादव, एस सिंह, सूरज सहित खेल प्रेमी उपस्थित रहे।

- 120 बालक बालिका बैडमिंटन खिलाड़ियों का चयन

# ब्राह्मण महासंघ की बहनों ने सुंदर कांड का पाठ कर गाया भजन-कीर्तन

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ की बहनों ने संघ की जिलाध्यक्ष अर्चना तिवारी के निवास स्थान में गुप्त नवरात्रि के समापन पर सुंदरकांड का पाठ कर भजन कीर्तन किया। साथ ही कहा गया कि अपने जन्म दिवस या कोई विशेष अवसर पर अपने आराध्य, अपनी संस्कृति को याद करते हुए मनाएं क्योंकि विदेशी परंपरा से बच्चों में संस्कारों का हनन हो रहा है, इसलिए इस तरह का आयोजन समय-समय पर करते रहना चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ी अपने सभ्यता, संस्कृति से परिचित हो सके। कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रभारी प्रतिभा पांडेय, संभाग प्रभारी मीनू दुबे, अध्यक्ष अर्चना तिवारी, सचिव शशि प्रभा पांडेय, कोषाध्यक्ष संजना मिश्रा, साधना दुबे, शशि तिवारी, अर्चना शुक्ला, सीता तिवारी, ज्योत्सना मिश्रा, निधि तिवारी, लता दुबे, माया बाजपेई सहित विभिन्न संगठनों से बहनें उपस्थित रहीं। अंत में प्रसाद वितरण कर स्वल्पाहार का लुत्फ उठाया गया।



## खबर संक्षेप

### सूरजमल स्कूल के 1978 बैच के छात्रों का मिलन समारोह



**बिल्हा।** सूरजमल स्कूल बिल्हा के 1978 में 11वीं बोर्ड परीक्षा पास करने वाले विद्यार्थियों ने 47 वर्षों बाद पुनर्मिलन का ऐतिहासिक कार्यक्रम अकलतरा के पास स्थित आनंदम फार्म हाउस में आयोजित किया। समारोह में नैला, कोरबा, बिल्हा, बिलासपुर, रायपुर, खमरिया, लोरमी तथा कोलकाता से विद्यार्थी बड़ी संख्या में शामिल हुए। लंबे अंतराल के बाद पुराने सहपाठियों को एक साथ देखकर सभी की आंखें नम हो गईं और भावनाओं का सागर उमड़ पड़ा। कार्यक्रम में उस समय के शिक्षक केदार शर्मा एवं एनके तिवारी को शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। मिलन समारोह में प्रमुख रूप से छेदी अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, राजेंद्र शर्मा, कृष्ण कांत दुबे, रामआसरे राजपूत, शारदा अग्रवाल, उषा अग्रवाल, दुर्गा अग्रवाल सहित अनेक साथी उपस्थित रहे। सभी ने अपने जीवन के खट्टे-मीठे अनुभवों साझा कर बीते दिनों को याद किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने एक दूसरे से संपर्क बनाए रखने का संकल्प लिया तथा भविष्य में भी इस तरह के आयोजन नियमित अंतराल में करने की इच्छा जताई।

### शैक्षणिक भ्रमण के लिए बिलासपुर पहुंचे विद्यार्थी



**लोरमी।** मां भारती उत्तर माध्यमिक विद्यालय लोरमी के विद्यार्थियों ने विद्यालय शैक्षणिक भ्रमण के तहत डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम प्लैनेटेरियम बिलासपुर एवं सेंट्रल लाइब्रेरी बिलासपुर का भ्रमण किया। उक्त शैक्षिक भ्रमण में विद्यार्थियों ने ब्रह्मांड के सभी तारे, ग्रह, उपग्रह, सौरमंडल की अनेकों अनेक जानकारियां का सचित्र अध्ययन किया एवं उसके थ्रीडी वीडियो को समझा। सेंट्रल लाइब्रेरी बिलासपुर में विद्यार्थियों ने लाइब्रेरी सिस्टम, डॉक्टर धनंजय पांडे व ग्रुप कैप्टन श्रीनिवास स्टार्टअप बिजनेस एवं इनोवेशन विषय पर आयोजित सेमिनार से ज्ञानवर्धन किया। विद्यार्थियों में शैक्षणिक भ्रमण को लेकर भारी उत्साह देखा गया। शैक्षणिक भ्रमण में सभी विद्यार्थियों के साथ शिक्षक राहुल यादव, भार्गव सर, जांगड़े मैडम एवं मधु मैडम उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों को किया गया गणवेश वितरित



**पथरिया।** क्षेत्र के आरके मेमोरियल स्कूल सिलदहा में शुक्रवार को गणवेश वितरण कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को निशुल्क यूनिफॉर्म वितरित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शास उमा विद्यालय के अध्यक्ष ज्ञान चंद राजपूत, सदस्य अजय राजपूत, देवदत्त वर्मा तथा ग्राम के वरिष्ठ जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। साथ ही विद्यालय के प्राचार्य दिलीप सोनवानी एवं समस्त शिक्षकों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम को विशेष बना दिया। अतिथियों ने बच्चों को गणवेश वितरण करते हुए शिक्षा, अनुशासन और सेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर भास्कर राजपूत ने कहा की बच्चों को स्कूल अनुशासन में ढालते हुए शिक्षा और सेवा के प्रति समर्पण ही हमारी असली पहचान है।

### शासकीय प्राथमिक शाला घुठेरा में पौधरोपण



**मुंगेली।** शासकीय प्राथमिक शाला घुठेरा संकुल केन्द्र नवागांव घु. में वृहद पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि स्काउट गाइड, रोवर, रेंजर तथा यूनिट लीडर सहित जिला सचिव एवं सहायक जिला संगठन आयुक्त, स्काउटर गाइडर, जिला संघ के पदाधिकारी, सदस्य, ग्राम पंचायत के नागरिक, स्कूली बच्चे एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रशिक्षण आयुक्त राजेंद्र दिवाकर ने किया। शिक्षा अधिकारी एवं पदेन जिला आयुक्त सीके घृतलहरे ने कहा कि वृक्ष और पर्यावरण के बिना जीवन अधूरा है वन है तो जीवन है। विकासखंड शिक्षा अधिकारी डॉ प्रतिभा मंडलोई ने कहा कि अधिक से अधिक पौधे लगाएं और पौधों के पास जाकर उनकी सेवा करें तथा अपने मित्र की तरह उनसे बातें करें। जिला मुख्य आयुक्त राणा प्रताप सिंह ठाकुर ने कहा कि आप सभी के सहयोग और सानिध्य से वृहद पौधरोपण का कार्य संपन्न हुआ। इस अवसर पर भारत स्काउट एवं गाइड्स जिला संघ की ओर से जेठमल कोटडिया अध्यक्ष, संजय त्रिपाठी, शैलेंद्र तिवारी उपाध्यक्ष, डॉ आईपी यादव, आकाश परिहार, चंद्रशेखर उपाध्याय उपस्थित रहे।

### ग्रामीणों को सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने दिए निर्देश

# बाइक व ट्रैक्टर से सुदूर क्षेत्रों में पहुंचे कलेक्टर-एसपी





हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

कलेक्टर कुन्दन कुमार, पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, एटीआर उपसंचालक एटीआर गणेश यू.आर. ने लोरमी विकासखण्ड के अचानकमार टाईगर रिजर्व क्षेत्र अंतर्गत सुदूर वनांचल ग्रामों सुरही, बम्हनी, निवासखार, लमनी आदि का दौरा किया। उन्होंने रोजगार सहायक, कोटवार, पटवारी व सचिव से बातचीत कर वहां बरसात के मौसम में आने वाली समस्याओं के संबंध में जानकारी ली और बाढ़ की स्थिति वाले गांवों में पर्याप्त खाद्य सामग्री, केरोसिन, दवाइयां, लाइफलाइन सप्लाई, लाइफ जैकेट, नाव आदि व्यवस्थाओं के साथ पर्याप्त रूप से एसडीआरएफ की टीम की तैनाती के साथ सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने ग्रामीणों से बाढ़ आने पर वहां जाने से बचने, पानी के तेज बहाव के स्थिति में नदी और नाले में जान को जोखिम में डालकर पार करने की कोशिश नहीं करने की समझाईश दी। उन्होंने बम्हनी में निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करने एसडीआरएफ से नाव और दो लोगों की व्यवस्था करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

कलेक्टर कुन्दन कुमार और पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल शासन की योजनाओं का अंतिम छोर तक पहुंच सुनिश्चित करने लमनी, निवासखार के दुर्गम क्षेत्रों में उफनती नदी को पार कर बाईक एवं ट्रैक्टर के माध्यम से पहुंचे। उनके साथ उपसंचालक एटीआर गणेश यू.आर भी उपस्थित थे। उन्होने वनांचल में निवासरत ग्रामीणों से संवाद कर शासन की योजनाओं की पहुंच और गांवों की समस्याओं के संबंध में जानकारी ली और ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य, खाद्य सहित विभिन्न आधारभूत सेवाएं उपलब्ध कराने पूरी संवेदनशीलता के साथ कार्य करने आश्वस्त किया। कलेक्टर-एसपी ने गांव के वृद्धजनों व लोगों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना और उन्हें समस्याओं के समाधान के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने बम्हनी गांव में पीने के पानी का जायजा भी लिया। इस दौरान आदिवासियों ने गांव में बिजली की समस्या बताई। कलेक्टर ने अधिकारियों को बिजली, पानी की समस्या को दूर करने के निर्देश दिए। उन्होंने बिजली की समस्या के समाधान के लिए वैकल्पिक प्रकाश की व्यवस्था करने पर्याप्त मात्रा में कैरोसीन लालटेन आदि उपलब्ध कराने के लिए कहा। ग्राम की महिला जयमती आर्मो ने शौचालय की मांग की। कलेक्टर ने तत्काल शौचालय बनाने, टूटे हुए पानी टंकी की मरम्मत और ग्रामीणों को राशनकार्ड उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने सुरही में आपातकालीन स्थिति में लोगों को आने-जाने के लिए गाड़ी की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने गांव के लोगों को पेड़ नहीं काटने और जंगल बचाने प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने बम्हनी में स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति की जानकारी ली और बच्चों को चाकलेट प्रदान कर पढ़-लिखकर आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया। साथ ही पालकों को भी अपने बच्चों को नजदीकी स्कूल में शिक्षा दिलाने समझाइश दी। उपसंचालक एटीआर गणेश यू.आर. ने बताया कि बारिश के मौसम में सुरही, अतरिया, बम्हनी सहित कोर एरिया के कुछ गांव कट जाते हैं। कलेक्टर ने कटे हुए गांवों के लिए राहत एवं स्वास्थ्य शिविर लगाने तथा आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### विस्थापन की दी जानकारी, उप स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने ग्रामीणों को विधिवत विस्थापन के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि नियमानुसार कोर एरिया के गॉवों का विस्थापन होना है। विस्थापन की प्रक्रिया सुचारु रूप से हो इसमें सभी आवश्यक सहयोग करें। उन्होने ग्रामवासियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि विस्थापन के पश्चात नए जगह पर सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। कलेक्टर ने कहा कि आप सभी की समस्याओं के नियमानुसार निराकरण के लिए हम यहां आए हैं। उन्होंने ग्रामीणों को आवास, बिजली, पेयजल, आंगनबाड़ी, स्कूल आदि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने उप स्वास्थ्य केंद्र सुरही का निरीक्षण कर वहां आवश्यक दवाइयां, सर्पदंश से बचाव हेतु एंटीवेनम, प्रसव संबंधी आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली और सभी व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उप स्वास्थ्य केंद्र में बिजली के लिए बैटरी की व्यवस्था करने कहा। इस दौरान केन्द्र में पहुंचे मरीज से बातचीत कर उनका हाल चाल पूछा और चिकित्सक को संवेदनशीलता के साथ बेहतर ईलाज करने निर्देशित किया। उन्होंने ग्राम निवासखार में चिकित्सक की समस्या पर वहां पर स्वास्थ्य कर्मी की व्यवस्था करने कहा। उन्होंने खुड़ियाकी स्वास्थ्य कार्यकर्ता लता दर्रो की वनांचल के ग्रामीणों की सेवा भावना से प्रभावित होकर उनकी सराहना की और आगे भी इसी तरह कार्य करने प्रोत्साहित किया। इस दौरान संबंधित विभागों के जिलास्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



पाटोपाट बह रही शिवनाथ नदी।

## शिवनाथ नदी उफान पर, मदकू द्वीप के एनीकट जलमग्न, प्रशासन सतर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरगांव

क्षेत्र में बीते दो दिनों से हो रही लगातार झमाझम बारिश ने जन जीवन को प्रभावित कर दिया है। खासकर शिवनाथ नदी समेत क्षेत्र के तमाम नदी-नालों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। शिवनाथ नदी उफान पर है और इसका पानी मदकू द्वीप के दोनों ओर बने एनीकेट से कई फुट ऊपर बह रहा है।

मंगलवार की सुबह तक एनीकट से करीब एक फुट ऊपर बह रहा पानी दोपहर होते-होते तीन फुट तक पहुंच गया, जिससे आसपास के गांवों के लिए खतरे की स्थिति बन गई। शिवनाथ नदी को सदानीरा कहा जाता है, क्योंकि यह कभी नहीं सूखती, लेकिन इस साल की भीषण गर्मी में यह पहली बार सूख गई थी। इसका असर इतना व्यापक था कि नदी के आसपास के गांवों में बोरवेल का जलस्तर 300 से 350 फीट तक नीचे पहुंच गया था। ग्रामीण पानी के लिए परेशान हो गए थे, लेकिन मानसून की देरी के बाद जब वर्षा ने जोर पकड़ा तो नदी-नालों में बहाव लौट आया और भूजल स्तर में भी सुधार दर्ज किया गया। मदकू द्वीप जो कि धार्मिक और पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण स्थल है, वहां आने-जाने के लिए दोनों ओर एनीकट बनाए गए हैं। एनीकेट के ऊपर से पानी बहने की सूचना के बाद प्रशासन ने सक्रियता दिखाते हुए ग्राम पंचायत के माध्यम से एनीकट पर अस्थायी बैरिकेड लगाकर रास्ता बंद कर दिया है, जिससे कोई वाहन उसके उपर से न गुजर सके और किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। हालांकि, प्रशासन की चेतावनी और रोक के बावजूद कुछ लापरवाह वाहन चालक अपनी जान जोखिम में डालते हुए एनीकेट पार करने की कोशिश करते दिखे, जो चिंता का विषय है। मदकू द्वीप का सड़क मार्ग बंद होने से वहां पहुंचने के लिए श्रद्धालु और पर्यटक अब नाव का सहारा ले रहे हैं। लेकिन इस परिस्थिति का फायदा उठाते हुए कुछ नाव संचालक यात्रियों से मनमाना किराया वसूल रहे हैं। श्रद्धालुओं की मजबूरी को भुनाना उनकी आस्था और सुरक्षा के साथ खिलवाड़ है। इस पर प्रशासन ने संज्ञान लिया है और एसडीएम पथरिया ने नाव संचालकों की बैठक बुलाकर एक गाइडलाइन तैयार करने की पहल की है। बैठक में तय किया गया है कि नाव संचालन के नियम तय किए जाएंगे, अधिकतम किराया निर्धारित किया जाएगा और यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। यदि नाव संचालन की व्यवस्था सुव्यवस्थित ढंग से लागू की जाती है, तो वर्षा ऋतु के दौरान भी श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए मदकू द्वीप तक पहुंचना सुरक्षित और सहज हो सकेगा। इससे न केवल स्थानीय पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि क्षेत्रीय रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। लगातार हो रही बारिश ने जहां एक ओर लोगों की मुश्किलें बढ़ाई हैं, वहीं दूसरी ओर नदियों और भूजल के सूखते स्त्रोतों को फिर से जीवनदान मिला है। प्रशासन की सजगता, सावधानी और नाव संचालन में पारदर्शिता की कोशिशें सराहनीय हैं। जरूरत है कि आमजन भी प्रशासन का सहयोग करें और सतर्कता बरतते हुए किसी भी तरह की लापरवाही से बचें। मदकू द्वीप की धार्मिक आस्था और पर्यटन की गरिमा को बनाए रखने के लिए यह जरूरी है।

### जलभराव की समस्या से स्थानीय निवासी और व्यवसायी परेशान



**बेलतरा।** पिछले 4 साल से लगातार बस स्टैंड के आसपास रहने वाले लोग एवं व्यवसायी इलाके में जल भराव की समस्या से जूझ रहे हैं। एनएच रोड के निर्माण के दौरान सही ढंग से नाली निर्माण नहीं होने के कारण बस स्टैंड में पानी का भराव हो जाता है, जिससे छोटे-छोटे व्यवसायी एवं बस स्टैंड के पास रहने वाले रहवासी सभी परेशान हैं। शुरुआती बारिश में निर्मित हुई स्थिति को देखकर आने वाले समय में इलाके में भारी जलभराव की आशंका है, जिससे दुकानदारों को दुकान बंद भी करना पड़ सकता है। साथ ही घर के अंदर पानी गंदा घुस जाने से लोगों में बीमारियों का खतरा भी बढ़ जाती है। साथ ही तहसील कार्यालय में लोगों का आना-जाना रहता है, जिससे गाड़ियों के अंदर आने में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### खुड़िया बांध लबालब, वेस्टवेयर छलकने को तैयार



**लोरमी।** इस वर्ष देर से मानसून आने के बावजूद क्षेत्र के राजीव गांधी जलाशय खुड़िया बांध में 73.5 प्रतिशत एवं सात अन्य बांधो में 20 से 28 फीसदी जल संचय हो चुका है। 5 फीसदी भरने के बाद खुड़िया बांध वेस्टवेयर से पानी छलकने लगेगा। विभाग प्रतिदिन गेज रिकार्ड दर्ज कर रहे हैं। ऊपरी क्षेत्र में रुक रुक हो रही बारिश ने किसानों के चेहरे में चमक लौटा दी है। जिले के लाईफ लाईन कहे जाने वाले मनियारी नदी पर निर्मित राजीव गांधी जलाशय खुड़िया बांध में फिट में 69.5 एवं 73.5 प्रतिशत जल संचय हो गया। 75 फिट के बाद वेस्टवेयर से मनोरम दृश्य देखने को मिलेगा। सिचाई विभाग के एसडीओ शंकर गेंदले ने बताया की प्रतिदिन बांधों का जल भराव दर्ज किया जा रहा है।

## हिंदी मीडियम स्कूल बंद करने के विरोध में चक्काजाम, सौंपा ज्ञापन



**गौरेला।** हिंदी मीडियम स्कूल को अंग्रेजी माध्यम में परिवर्तित करने को लेकर भदौरा गांव के ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों ने छात्र-छात्राओं के साथ मिलकर स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल सेमरा में विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही प्राचार्य के अभद्र व्यवहार से नाराज बच्चों और परिजनों ने मामले में गौरेला एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर आगे उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दी। दरअसल जीपीएम के गौरेला के ग्राम सेमरा में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय है, जहां सेमरा और भदौरा गांव के ग्रामीणों, छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों ने आत्मानन्द इंग्लिश माध्यम स्कूल सेमरा के सामने चक्काजाम कर दिया। विद्यार्थियों ने बताया कि पिछले सत्र से स्कूल का माध्यम बदलने पर कई बार आपत्ति जताई गई, लेकिन प्रशासन ने मामले पर कोई भी ठोस कदम नहीं उठाया। इसके कारण कारण इस स्कूल में हिंदी माध्यम से पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं को पढ़ाई करने दूसरे स्कूल जाना पड़ रहा है, जिसके चलते ये बहुत परेशान हो रहे हैं। साथ ही बच्चों को गांव के स्कूल में इसलिए एडमिशन नहीं मिलता क्योकि यह इंग्लिश मीडियम स्कूल है। वहीं मामले की जानकारी पर पुलिस प्रशासन के साथ एसडीएम गौरेला भी मौके पर पहुंचीं, जहां उन्हें प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर स्कूल को पुनः हिंदी माध्यम में संचालित करने की मांग की। स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने यह भी स्पष्ट किया है कि अगर उनकी मांगें पूरी नहीं होती तो वे उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

### प्रदर्शन करना पड़ा

हिंदी मीडियम स्कूल बंद किए जाने को लेकर स्थानीय बच्चों को पढ़ने के लिए अन्यत्र जाना पड़ रहा है, जबकि कई बार शासन और प्रशासन से इसको लेकर मांग की जा चुकी है। इसलिए यह प्रदर्शन करना पड़ा।

- **तूफान सिंह धुर्वे**, सरपंच सेमरा

### 26 सूत्रीय समस्याओं मांग को लेकर शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन



**मुंगेली।** शिवसेना छत्तीसगढ़ उद्धव बाला साहेब ठाकरे जिला इकाई ने 26 सूत्रीय समस्याओं के निराकरण हेतु ज्ञापन सौंपा। साथ ही कार्रवाई न होने पर अनिश्चित कालीन घेराव, धरना प्रदर्शन एवं 11 जुलाई को मुंगेली-सेतगंगा मार्ग पर बिजली ऑफिस के सामने चक्काजाम करने की चेतावनी दी। साथ ही शिवसेना जिला प्रमुख संतोष साहू के बताया कि कि डोमनपुर के स्कूल में जन्म प्रमाण पत्र नहीं होने पर विद्यार्थी को स्कूल में नहीं बैठाया जा रहा है, जो कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 14 का उल्लंघन है। जबकि बच्चे के माता-पिता जन्म तारीख के स्थान पर आधार कार्ड एवं नोटरी दस्तावेज उपलब्ध करा रहे हैं। इस समस्या के निराकरण की भी मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने जिलाध्यक्ष के साथ इन्द्र साहू, ओपी यादव, भानू निषाद, महेंद्र साहू एवं अन्य शिव सैनिक उपस्थित रहे।

## कलेक्टर ने ली सोनोग्राफी सेंटरों के संचालकों की बैठक, दिए निर्देश



सोनोग्राफी सेंटर के संचालको की बैठक लेते कलेक्टर

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार ने जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में जिले में संचालित शासकीय एवं निजी पंजीकृत सोनोग्राफी सेंटरों के संचालकों की बैठक ली। बैठक में उन्होंने पीसीपीएनडीटी एक्ट के तहत जिले में संचालित शासकीय एवं निजी पंजीकृत सोनोग्राफी संस्थाओं तथा मासिक रिपोर्ट की जानकारी ली और नियमित रूप से रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री मातृत्व अभियान के तहत प्रत्येक माह की 9 एवं 24 तारीख को हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं का सोनोग्राफी करने कहा। उन्होंने पीसीपीएनडीटी एक्ट के नियमानुसार सोनोग्राफी संस्थाओं का संचालन करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि उच्च जोखिम वाले गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक कार्ड प्रदाय किया जाएगा, जिसे एक सप्ताह के भीतर रिफरल किए गए निजी सोनोग्राफी सेंटर्स में दिखाकर निशुल्क सोनोग्राफी कराई जा सकती है। ये रिफरल कार्ड केवल हाई रिस्क प्रेगनेंसी वाले गर्भवती महिलाओं को ही प्रदाय किया जायेगा। कलेक्टर ने सभी निजी अस्पतालों के चिकित्सकों और संचालकों को प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षा अभियान का जिले में सफल क्रियान्वयन हेतु सहयोग की अपेक्षा की और जिला प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शीला साहा ने बताया कि जिले में 4 शासकीय सोनोग्राफी सेंटर और 15 निजी सोनोग्राफी सेंटर संचालित हैं। इनमें से कुछ संस्थाओं में चिकित्सक नहीं होने के कारण अस्थायी रूप से सीलबंद किया गया है। इस दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक गिरीश कुर्रे, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ एमके रॉय, टीकाकरण अधिकारी डॉ कमलेश खैरवार सहित संबंधित अधिकारी और सोनोग्राफी सेंटरों के संचालक मौजूद रहे।

### जनदर्शन में मांग लेकर पहुंचे ग्रामीण

# पालकों व छात्रों ने की शिक्षक उपलब्ध कराने की मांग



जनदर्शन में शिक्षकों की मांग को लेकर पहुंचे विद्यार्थी।

**मुंगेली।** मंगलवार को कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में कुल 145 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में निजी विद्यालयों में पुस्तकें एवं स्कूल ड्रेस, जूतों के नाम पर पालकों से मोटी रकम वसूल किए जाने की शिकायत की गई। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल जरहागांव के विद्यार्थियों एवं पालकों ने शिक्षक उपलब्ध कराने की मांग की।

ग्राम सम्बलपुर और चकरभठा के ग्रामीणों ने भैंसामुड़ा से चकरभठा तक सड़क मरम्मत कराने, ग्राम सुरदा के ग्रामीणों ने सुरेठा तक आगर नदी पर पुल निर्माण कराने की मांग की। जिला कलेक्टोरेट में मंगलवार को जनदर्शन का आयोजन किया गया, जिसमें अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी ने आमजनों की मांगों एवं समस्याओं को गंभीरता से सुना। जनदर्शन में कुल 145 आवेदन प्राप्त हुए, इनमें ग्राम पंडरभट्ठा के शम्भू यादव ने पीएम आवास योजना का लाभ दिलाने, ग्राम बरेला के संतराम धुरी ने जमीन का नामांतरण कराने, ग्राम भथरी के लोकप्रसाद ने शौचालय निर्माण की स्वीकृति दिलाने, ग्राम मुसऊ नवागांव के जन्मेजय बंजारे ने शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने, ग्राम कोदवाबानी के ग्रामीणों ने जल जीवन मिशन योजनांतर्गत स्वच्छ पेयजल दिलाने, ग्राम कारेसरा के ग्रामीणों ने बिजली की समस्या से निजात दिलाने, महामाई वार्ड चूड़ीलाईन मुंगेली निवासी अमीर मोहम्मद ने वृद्धावस्था पेंशन दिलाने, ग्राम डाड़गॉव के दिव्यांग संदीप ने दिव्यांगता प्रमाण पत्र में सुधार कराने, ग्राम सम्बलपुर और चकरभठा के ग्रामीणों ने भैंसामुड़ा से चकरभठा तक सड़क मरम्मत कराने, ग्राम रबेली के राजकुमार कश्यप ने जमीन का सीमांकन कराने, ग्राम सुरदा के ग्रामीणों ने सुरेठा तक आगर नदी पर पुल निर्माण कराने, ग्राम झोंका के प्रदीप पाटले ने दिव्यांगता प्रमाण पत्र का नवीनीकरण कराने सहित अन्य आवेदकों ने अपनी मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। इसी तरह तिलक वार्ड मुंगेली के मोहल्ले वासियों ने बारिश का पानी सड़क पर भरने से आवागमन बाधित होने की शिकायत की। अतिरिक्त कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों पर को लेकर संबंधित अधिकारियों को नियमानुसार निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर मेनका प्रधान, मुंगेली एसडीएम पार्वती पटेल सहित संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

## काली पट्टी बांध कर काम कर रहे नपं कर्मचारी



**करगी रोड कोटा।** शासन की नीतियों का विरोध करते हुए नगरीय निकाय नगर पंचायत के कर्मचारी 5 जुलाई से काली पट्टी काम कर रहे हैं। साथ ही प्रतिदिन शाम 5:30 बजे कार्यालयों के मुख्य द्वार मीटिंग कर शासन को अपनी मांगों से अवगत करा रहे हैं। अधिकारी कर्मचारी नगर निकाय कल्याण संघ ने बताया कि कर्मचारियों की तीन प्रमुख मांगें हैं जिनमें, माह की पहली तारीख को वेतन भुगतान, नगर निकाय कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करना एवं तृतीय और चतुर्थ वर्ग के कर्मचारियों को पदोन्नति प्रदान करना शामिल है। इन मांगों को लेकर कर्मचारियों में व्यापक आक्रोश है एवं शासन-प्रशासन द्वारा बार-बार मांगों की अनदेखी से नाराज प्रदेश के नगरीय निकाय कर्मचारियों सोमवार से शुक्रवार तक काली पट्टी बांधकर काम करने का फैसला किया है। उन्होंने कहा कि यह आंदोलन पूरी तरह शांतिपूर्ण और अहिंसात्मक होगा। यदि मांगें पूरी नहीं होती हैं तो आंदोलन को और अधिक उग्र किया जाएगा। संघ के प्रतिनिधिमंडल लगातार मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांग रहा है, लेकिन अब तक समय नहीं मिल पाया है।

## खबर संक्षेप



### जुए के फड़ पर पुलिस का छापा, 7 जुआरी गिरफ्तार

**बिल्हा।** एसपी के निर्देश पर जिले में जुआ-सट्टा एवं नशे विरुद्ध ऑपरेशन प्रहार चलाकर लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसकी क्रम में बिल्हा थाना प्रभारी उमेश साहू को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम खपरी में जुए का फड़ चल रहा है। सूचना पर पुलिस ने मंगलवार 8 जुलाई को ग्राम खपरी में छापामार कार्रवाई कर 7 जुआरियों को धर दबोचा। पुलिस ने गांव के मंदिर चौक के पास फड़ लगाकर जुआ खेल रहे रामाधार केवट, बलदेव केवट, जोईधा केवट, ज्वाला पटेल, तिल्ल उर्फ चक्रधारी पटेल, मोहित यादव, अश्विनी निषाद के कब्जे से 52 पत्ती ताश, बोरी फट्टी व 1 हजार 710 रूपए नकद जप्त कर आरोपियों के खिलाफ धारा 3(2) जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की।

### चाचा के साथ मारपीट मामला पंजीबद्ध

**तखतपुर।** चाचा के साथ गाली-गलौज व मारपीट करने वाले युवक के खिलाफ पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर लिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार झंझरईया पारा निवासी महेश ध्रुव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 6 जुलाई की शाम 4 बजे वह अपने घर के पास खड़ा था, तभी उसका भतिजा सोनू ध्रुव वहां आया और उसके साथ गाली गलौज करने लगा। जब महेश ने उसे ऐसा करने से मना किया तो सोनू ने उसके साथ साथ मारपीट कर दी। शिकायत पर पुलिस ने धारा 115,2 296, 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### गाली-गलौज व मारपीट, हाइवा चालक पर जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** लापरवाही पूर्वक वाहन चला रहे हाइवा चालक को सही तरीके से वाहन चलाने की बात कहने पर हाइवा चालक ने दुपहिया चालक ने साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। मामले पर अपराध पंजूबद्ध कर लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार राकेश गोस्वामी ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 5 जुलाई को 10:30 बजे वह तखतपुर आ रहा था। इसी दौरान मुंगेली की ओर से आ रही हाइवा सीजी 28 जे 8704 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसके बगल से निकला। जब राकेश ने हाइवा रोककर चालक को ठीक से वाहन चलाने की बात कही तो हाइवा चालक ने उसके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर पर पुलिस ने आरोपी हाइवा चालक के खिलाफ 184, 115,2 281, 296,3,5 351,2 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### रक्तदान शिविर एवं निशुल्क खून जांच परीक्षण 13 को

**तखतपुर।** सर्व मानव जागृत युवा सेवा समिति के स्थापना दिवस पर थैलेसीमिया ब्लड कैंसर एवं दुर्घटना से पीड़ितों के लिए स्वैच्छिक रक्तदान शिविर एवं निशुल्क खून जांच परीक्षण आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में श्रीराम सदन सांस्कृतिक भवन प्रांगण तखतपुर में 13 जुलाई रविवार को सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## निधन

### द्वारिका प्रसाद शर्मा



**बिलासपुर।** प्रियदर्शनीय नगर निवासी सेवानिवृत खाद्य अधिकारी बदरा वाले द्वारिका प्रसाद शर्मा का 8 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 9 जुलाई बुधवार को सुबह 11 बजे भारतीयनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे समीर, राजा, सुमित शर्मा के पिता एवं संतोष शर्मा के भाई थे।

### रामचंद्र केशरी



**बिलासपुर।** दयालबंद निवासी व रिटायर्ड रेलवे कर्मचारी रामचंद्र केशरी का 80 वर्ष की आयु में 7 जुलाई को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 8 जुलाई को दयालबंद स्थित मधुबन मुक्तिधाम में किया गया। वे रमेशचंद्र, बाबा व राकेश केशरी के पिता थे।

### नरबदिया बाई जायसवाल



**जरहागांव।** सेमरचुवा निवासी आंगनबाड़ी सहायिका नरबदिया बाई जायसवाल का 52 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे संजय जायसवाल, संजू जायसवाल के माताजी थीं।

# अपनों के अंतिम संस्कार के लिए मौसम पर निर्भर रहते हैं 'पुरा' गांव के लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

■ मौसम साफ होने के बाद ही होता है मृतक का अंतिम संस्कार

ग्राम पंचायत पुरा एक ऐसा गांव है जहां किसी ग्रामीण की मृत्यु होने पर मौसम तय करता है कि उसका अंतिम संस्कार उसी दिन होगा कि दूसरे दिन। आजादी के 70 वर्ष बाद जब पूरे देश में अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है और इस गांव में इंसान की मृत्यु के बाद उसके अंतिम संस्कार के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। वर्तमान में लगातार हो रही बारिश के कारण एक ग्रामीण का शव घर पर ही रखा रहा। मौसम खुलने के बाद मृत्यु के दूसरे दिन खुले में दाह संस्कार किया गया। ग्राम पंचायत पूरा में मुक्तिधाम नहीं होने के कारण वहां के ग्रामीण काफी परेशान हैं। उनकी यह परेशानी बरसात के दिनों में किसी की मृत्यु होने पर और बढ़ जाती है। बरसात के समय में यदि किसी परिजन की मृत्यु हो जाए तो दाह संस्कार करने में ग्रामीणों को भारी मशक्कत करनी पड़ती है। श्मशान घाट में बरसात के समय दाह संस्कार करने के लिए टीन लेकर पहुंचते हैं वहां शेड बनाते हैं तब कहीं जाकर अंतिम संस्कार हो पाता है। ग्रामीण पिछले पांच साल से गांव के बाहर शेड निर्माण की मांग कर रहे हैं परंतु इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। श्मशान घाट पहुंचने के लिए एक सड़क भी नहीं है जिसके कारण भी ग्रामीणों को भारी असुविधा होती है। इस सड़क के निर्माण के लिए पंचायत के द्वारा भी कई बार प्रस्ताव बनाकर भेजा गया है लेकिन उस पर भी आज तक कोई कार्यवाही नहीं हो पाई है। बीते दिवस 7 जुलाई को ग्राम पूरा की 65 वर्षीय राधेश्याम साहू की मृत्यु हो गई थी लेकिन दिनभर बारिश हो रही थी और श्मशान घाट में कोई व्यवस्था नहीं थी जिसके कारण 7 जुलाई को दाह संस्कार नहीं हो पाया जब 8 जुलाई को बारिश थमी तो परिजन और ग्रामीणों ने श्मशान घाट में टीन के शेड की व्यवस्था की गई तब कहीं जाकर अंतिम संस्कार हो पाया।

### जब तक बारिश न रुके शव को रखते हैं घर पर



**प्रस्ताव भेजा जाएगा**

पूरा में मुक्तिधाम नहीं है। स्वीकृति और निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार कर उच्चाधिकारियों को भेजा जाएगा।

-सत्यव्रत तिवारी, सीईओ तखतपुर

**दिया जाएगा निर्देश**

पंचायत से जगह के लिए चर्चा की जाएगी फिर मुक्तिधाम के लिए शेड निर्माण कराने के निर्देश दिए जाएंगे।

-पंकज सिंह, तहसीलदार तखतपुर

## सियान चेतना अभियान का शुभारंभ, बीट आरक्षकों का सम्मान

# जिंदगी में कुछ करना है तो सकारात्मक रहो: रजनेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीपत

एसएसपी रजनेश सिंह ने मंगलवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला कर्मा में 'आओ संवारे कल अपना' अभियान के तहत आयोजित विशाल जनजागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों और ग्रामीणों को संबोधित किया। एसएसपी ने छात्रों को जीवन में पॉजिटिव सोच के साथ आगे बढ़ने, लक्ष्य को साधने और एकलव्य की तरह कठोर अभ्यास से भविष्य को संवारने का आह्वान किया।

■ सायबर फ्रॉड व नशे को लेकर लोगों को किया गया जागरुक

उन्होंने कहा कि आपका जुनून ही आपके जीवन की दिशा तय करेगा। आज जो बच्चे मेहनत करेंगे, वही कल समाज को नई दिशा देंगे। एसएसपी ने टीआई गोपाल सतपथी की सक्रियता को लेकर मंच से उनकी कार्यशैली की सराहना की। इस दौरान मंच पर सीपत थाना प्रभारी गोपाल सतपथी, सरपंच नंदकुमार साहू, राजकुमार शुक्ला, पायल एक नया सवेरा वेलफेयर फाउंडेशन की संस्थापक पायल लाट, प्रेम सलूजा, एसएमडीसी के अध्यक्ष पुनीतराम साहू सहित अन्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रभारी प्राचार्य आलोक पांडेय ने किया। अंत मे एसएसपी व यातायात एडिशनल एसपी ने शाला प्रांगण में पौधरोपण भी किया। कार्यक्रम में शाला के सभी शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में बुजुर्गों का सम्मान करते अफसर।

**सियान चेतना अभियान का शुभारंभ, बुजुर्गों का सम्मान**

कार्यक्रम में एसएसपी ने 'सियान चेतना' अभियान का शुभारंभ किया, जिसमें समाज के वरिष्ठजनों को पुष्पहार पहनाकर सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग समाज की जीवित धरोहर हैं, उनके अनुभव ही हमारी दिशा हैं। उन्हें नमन करना हमारी संस्कृति की पहचान है।

**बीट आरक्षकों का सम्मान**

कार्यक्रम में एएसआई सहेत्तर कुर्रे, बीट आरक्षक शैलेन्द्र सिंह एवं ज्योति जगत को एसएसपी ने मंच पर बुलाकर उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया। वहीं 'पायल एक नया सवेरा वेलफेयर फाउंडेशन' की संस्थापक पायल लाट और प्रेम सलूजा ने विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री वितरित कर उनका हौसला बढ़ाया। पायल लाट ने कहा कि हर बच्चा एक नया सबेरा है, हमें उन्हें उज्ज्वल राह दिखानी होगी।

**नशे के कारोबारियों की संपत्ति होगी जब्त**


एसएसपी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि नशे के कारोबारियों के खिलाफ अब सख्त कदम उठाए जा रहे हैं एवं उनकी संपत्तियों को जब्त किया जा रहा है। उन्होंने महिलाओं के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि आज कई गांव नशे से मुक्त हो रहे हैं, यह शक्ति स्वरूपाओं की चेतना का परिणाम है।

**साइबर फ्रॉड, नशा और यातायात पर जागरूकता अभियान**

कार्यक्रम में एडिशनल एसपी यातायात रामगोपाल करियारे ने युवाओं से कहा कि 15 से 25 वर्ष की उम्र सबसे कीमती होती है, यही समय होता है अपने जीवन की नींव को मजबूत करने का। उन्होंने हेलमेट की अनिवार्यता, शराब से दूरी और तेज रफ्तार से बचने की सलाह देते हुए कहा कि हर तीसरी दुर्घटना गांवों से होती है। इसका समाधान जागरूकता ही है।

**एसएसपी और एएसपी ने किया पौधरोपण**

कार्यक्रम के अंत में पर्यावरण संरक्षण के संकल्प के साथ 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत एसएसपी व एडिशनल एसपी ने विद्यालय परिसर में पौधरोपण कर कार्यक्रम को सार्थक संदेश के साथ विराम दिया।



सीसी टीवी में कैद चोर की तस्वीर।

# मंदिर का ताला तोड़कर गर्भगृह से 2 लाख के आभूषण पार

**कोदवाबानी-मुंगेली।** ग्राम पेंड्रीडीह कोदवाबानी में अज्ञात तत्वों ने महामाया मंदिर का ताला तोड़कर मूर्ति पर चढ़े लगभग 2 लाख के कीमती सामान पार कर फरार हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। 7 जुलाई सोमवार रात्रि लगभग 2 बजे अज्ञात तत्वों ने पेंड्रीडीह कोदवाबानी मंदिर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश हुए एवं गर्भगृह का ताला तोड़कर मूर्ति पर चढ़े चांदी का मुकूट तीन नग वजन 15 तोला लगभग, सोने का लॉकेट 8 नग लगभग 8 मासा, सोना का लॉकेट छोटा वाला आधा मासा चार नग आदि आभूषणों को पार कर दिया। उक्त आभूषणों का अनुमानित राशि लगभग 1.5 से 2 लाख है। चोरी की घटना मंदिर के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। श्रद्धलुओं ने सोमवार सुबह मंदिर का ताला टूटा देखा तो लालपुर थाने में चोरी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ कर दी है। रिपोर्ट करने वालों में सरपंच केदार सिंह, प्रहलाद, निर्मल, दानी सिंह, भरत, विमल कुमार सहित अन्य शामिल है।

### रेंकी पुल से बहे सुकालू का मिला शव

**कोरबा।** हरदीबाजार गांव में एक दुखद घटना घटी। सुकालू पटेल नामक व्यक्ति रेंकी पुल से बह गया था, जिसका शव घटना स्थल से 150 मीटर दूर अपने खेत के नीचे नदी किनारे औंधे मुंह पड़ा मिला। सुकालू पटेल की तलाश में रेस्क्यू टीम सोमवार से लगी हुई थी। नदी की धार में कमी आने से सुकालू का शव ग्रामीणों को दिखा, जिसके बाद स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर वैधानिक कार्यवाही कर शव को परिजनों के सुपूर्द कर दिया है।

**डामर के ऊपर सीमेंट डालकर की जा रही लीपापोती**

# पन्द्रह करोड़ की सड़क डेढ़ साल में ही खस्ताहाल

**सकरी।** 15 करोड़ की लागत से बनी सड़क महज डेढ़ सालों में ही खस्ताहाल हो गई। जिम्मेदार अधिकारियों की सरपरस्ती में ठेकेदारों ने गुणवत्ता से जमकर खिलवाड़ किया, लिहाजा अब जगह-जगह उखड़ रही सड़क के ऊपर डामर में सीमेंट डालकर लीपापोती की जा रही है। साथ ही अधिकारी ठेकेदार की अमानत राशि जमा होने एवं रिपेयरिंग करा लेने की बात कह अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। बहरहाल इन सबका खामियाजा आमजन को उठाना पड़ रहा है।

मामला नगर निगम बिलासपुर के सकरी का है यहां 2023 में बिलासपुर-मुंगेली मुख्यमार्ग की सड़क दो हिस्से में स्वीकृत हुई थीं। पहला हिस्सा डीएमएफ मद से उस्लापुर ओवरब्रिज से फोर्ड शो रूम तक 8 करोड़ रूपए एवं दूसरा हिस्सा फोर्ड शोरूम से सकरी बायपास चौक तक 15वें वित्त से 6 करोड़ 89 लाख रूपए स्वीकृत किया गया था एवं दोनों कार्य अलग-अलग ठेकेदारों दवारा किया गया था। निर्माण कार्य का भूमिपूजन 1 जून 2023 को किया गया एवं निर्माण के दौरान ही इसमें अनियमितता बरती गई और गुणवत्ता से खिलवाड़ किया गया। बेस में गुणवत्तापूर्ण सामग्रियों का उपयोग निर्धारित मात्रा में नहीं किया गया और न ही पानी निकासी की समुचित व्यवस्था की गई, सड़क अब जगह-जगह से उखड़ने लगी है।



**हार्डनर लगा रहे**

अभी बरसात में डामर लगाना संभव नहीं है, इसलिए ठेकेदार जर्जर स्थान पर हार्डनर लगा रहे हैं। जहां-जहां सड़क खराब हुई है वहां ठेकेदार से मरम्मत करवाई जाएगी। तीन वर्ष तक सड़क गारंटी पीरिएड में है एवं ठेकेदार की राशि जमा है। जब तक सड़क ठीक नहीं होगी उन्हें एनओसी जारी नहीं किया जाएगा।

- राजकुमार मिश्रा
मुख्य अभियंता नगर निगम बिलासपुर

**एक हिस्से में रिपेयरिंग दूसरा हिस्सा जर्जर**

उक्त निर्माण कार्य दो भाग में दो अलग-अलग ठेकेदारों द्वारा किया गया था, जिसमें अभी वर्तमान में शोरूम से बाईपास चौक तक के हिस्से में ही सीमेंट डालकर रिपेयरिंग किया जा रहा है। वहीं उस्लापुर ब्रिज से शो रूम तक जगह-जगह सड़क उखड़ चुकी है, लेकिन इस भाग में ठेकेदार सड़क की रिपेयरिंग नहीं की जा रही है। जबकि इसी हिस्से में नगर की पॉश कालोनियां स्थित हैं और यहां से प्रतिदिन प्रशासनिक अधिकारियों का आना-जाना होता है।

**इन स्थानों पर पूरी तरह जर्जर है सड़क**

बिलासपुर-मुंगेली मुख्यमार्ग पर बचन बाई हाईस्कूल के सामने से सकरी थाना तक, शासकीय महाविद्यालय के सामने से लेकर शोरूम तक, आसमां कालोनी गेट से लेकर दीपक पैलेस तक, नेचर सिटी के पास सड़क का ऊपरी हिस्सा उखड़ने लगा है। वहीं पुराना बाजार के पास पानी निकासी के लिए पूर्व में बने छोटे पुल को जस का तस छोड़ दिया गया एवं उक्त स्थान को चौड़ा नहीं किया गया है।

# जान जोखिम में डालकर जर्जर भवन में पढ़ रहे विद्यार्थी

**लोरमी।** सेमरसल मिडिल स्कूल भवन की हालत अत्यंत जर्जर होने के कारण स्कूल के विद्यार्थी जान जोखिम में डालकर पढ़ाई करने को मजबूर हैं। भवन की सीलिंग का प्लास्टर गिरने के बाद गांव एवं क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों के साथ राज्यसभा संसद के पिता ने स्कूल के कक्षों का निरीक्षण कर आवश्यक जानकारी जुटाई और बच्चों का हाल चाल जाना।

■ राज्यसभा सांसद के पिता ने किया स्कूल का निरीक्षण

स्कूल में कक्षा 6वीं, 7वीं एवं 8वीं कक्षाओं में 135 विद्यर्थियों अध्यनरत हैं। स्कूल के चार कमरों की हालत बेहद जर्जर है एवं छत से प्लास्टर गिर रहा है। साथ ही दीवार पर जगह-जगह दरारें नजर आ रही हैं। एक दिन पूर्व अतिरिक्त कमरे की छत के प्लास्टर गिर गया एवं बड़ा हादसा होते होते रह गया। ज्ञात हो कि स्कूल भवन लगभग 30 वर्ष पुराना है, जिसमें शिक्षक अपनी एवं बच्चों की जान जोखिम में डालकर पढ़ाई कार्य संपादित कर रहे हैं। शाला जतन योजना कागजो में सिमटकर रह गई है एवं स्कूल की मरम्मत ना होना विभाग की गंभीर लापरवाही को दर्शाता है। जानकारी मिलने पर पंजाब प्रांत से राज्यसभा सांसद संदीप पाठक के पिता व सिद्ध मुनीबाबा समिति के अध्यक्ष शिवकुमार पाठक, वरिष्ठ सदस्य और प्रबंधन समिति के पूर्व अध्यक्ष गोविंद राम साहू सहित समिति के सदस्य बद्री प्रसाद कश्यप ने स्कूल का निरीक्षण किया एवं प्रधान पाठक आत्माराम से सभी विषयों पर चर्चा की।



इस संबंध में जानकारी देते हुए शिक्षक राकेश पांडेय ने जर्जर शाला भवन की स्थिति से अवगत कराया, जिस पर चिंता व्यक्त करते हुए वरिष्ठजनों ने सक्षम अधिकारी, नेताओं आदि से चर्चा करके शाला भवन को डिस्मेंटल करने एवं अन्य विद्यालय में दो पाली में शाला संचालन करने का प्रस्ताव रखा। स्कूल में वरिष्ठ शिक्षक राजकुमार कश्यप, राकेश पांडे, पुष्पा चतुर्वेदी, उमाशंकर सिंह राजपूत एवं प्रधान पाठक आत्माराम कश्यप पदस्थ हैं। संकुल समन्वयक रामकयमार साहू हैं। प्रधानपाठक आत्माराम ने बताया कि स्कूल के दो कमरों से सीलिंग का प्लास्टर गिर रहा है। जिसकी जनकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर दी गई है।



# विखं के प्रधानपाठक एवं सहायक शिक्षकों को ऑनलाइन प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ तखतपुर

विकासखंड स्तरीय नवीन पाठ्यपुस्तक पाठ्यक्रम के समझ के लिए समस्त प्राथमिक शाला के शिक्षकों को पांच दिवसीय ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया गया।इसी क्रम में तखतपुर विकासखंड के समस्त 250 प्राथमिक शालाओं के प्रधानपाठक एवं सहायक शिक्षकों ने ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त किया गया।

नवीन पाठ्यक्रम आधारित शिक्षक प्रशीक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को वर्तमान और भविष्य की शिक्षण आवश्यकताओं के लिए तैयार करना है। यह प्रशिक्षण शिक्षकों को नए पाठ्यक्रम, शिक्षण विधियों, और मूल्यांकन तकनीकों से परिचित कराता है, जिससे वे छात्रों को प्रभावी ढंग से सिखा सकें और उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित कर सकें। शिक्षकों को नवीन पाठ्यक्रम का जमीनी स्तर पर सुव्यवस्थित क्रियान्वित करने, पाठ्यक्रम को प्रभावी ढंग से लागू करने, शिक्षण विधियों में सुधार, मूल्यांकन तकनीकों में सुधार, कक्षा प्रबंधन कौशल में सुधार आदि के लिए कुशलता प्रदान करने के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया गया। मास्टर ट्रेनर्स धृकपाल पटेल, रविंद्र चतुर्वेदी, राहुलदेव भास्कर, प्रतिभा सिंह ठाकुर, संतोषी यादव, निलेश कुमार तिवारी, अरुण कुमार वैष्णव, अनिल कुमार शर्मा ने प्रशिक्षण शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण बीओ कामेश्वर बैरागी, सीमा त्रिपाठी के निर्देशन में संपन्न हुआ। इसकी सफलता में नितेश कुमार सिंगरौल, लवकान्त द्विवेदी, अमरदीप शर्मा का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

### मृतक परिजन को 25 हजार की सहायता राशि स्वीकृत

**मुंगेली।** कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम चिरहुला के राजकमल यादव की सड़क दुर्घटना में मृत्यु होने पर उनके निकटतम परिजन को 25 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। एसडीएम पार्वती पटेल ने अतिरिक्त तहसीलदार मुंगेली के प्रतिवेदन के आधार पर सहायता राशि स्वीकृत किया है। गौरतलब है कि सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा सड़क दुर्घटना में मृतक के परिजन को 25 हजार रूपए और गंभीर रूप से घायल के परिजन को 10 हजार रूपए की स्वीकृति प्रदान किए जाने का प्रावधान है।

### पानी के तेज बहाव में बहा बालक, मौत

**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत पानी में बह जाने से एक मासूम बालक की मृत्यु हो गई, घटना के बाद से परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई है,नेहरू नगर निवासी दीपेश साह (उम्र 8 वर्ष) मंगलवार को अपने दोस्त के साथ मछली पकड़ने के बहाने घर से निकला था। दोनों बच्चे नेहरू नगर श्मशान घाट के समीप पानी में नहा रहे थे, तभी अचानक तेज बहाव की चपेट में आ गए। इस दौरान दीपेश का संतुलन बिगड़ गया और वह पानी में बह गया।

# हिन्दी विषय की परीक्षा में नहीं बना कोई नकल प्रकरण

**लोरमी।** नगर के स्वामी आत्मानंद आंग्रेजी माध्यम स्कूल में छग माध्यमिक शिक्षा मंडल की ओर से आयोजित की जाने वाली द्वितीय मुख्य/अवसर परीक्षा की शुरुआत हुई। मंगलवार को पहले दिन हायर सेकेंडरी की हिंदी विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई एवं नकल का कोई प्रकरण नहीं पाया गया। केंद्राध्यक्ष अरुण जायसवाल ने बताया कि परीक्षा में हाई स्कूल के 320 परीक्षार्थी एवं हायर सेकेंडरी के 214 परीक्षार्थी शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि समस्त विद्यालयों को परीक्षा से पूर्व ही प्रवेश पत्र वितरित किए जा चुके हैं। मुख्य परीक्षा 2025 में पूरक या सभी विषयों मे अनुत्तीर्ण विद्यार्थी क्रेडिट योजना के तहत परीक्षा दे सकते हैं। कलेक्टर कुंदन कुमार एवं जिला शिक्षा अधिकारी ने परीक्षा पूर्व बैठक में संस्था प्रमुखों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि सभी परीक्षार्थियों को समय पर प्रवेश पत्र विरतित करना सुनिश्चित करते हुए समस्त केंद्राध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि बारिश में परिक्षर्थियों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े।



**संशोधन**

हरिभूमि बिलासपुर के बिलासपुर भूमि में दिनांक 06/07/2025 को संलग्न विज्ञापन का प्रकाशन हुआ था। जो गलत प्रकाशन हुआ था। उसमें पंकज अग्रवाल पिता स्व. श्री मातादीन अग्रवाल ग्राम-सिलपहरी, प.ह.नं.04, रा.नि.मं. बोदरी तहसील बिल्हा जिला-बिलासपुर (छ.ग.) स्थित ख.नं. 51/2 एवं ख.नं.50 रकबा 0.206 एवं 0.486 प्रकाशित हुआ है। जो गलत है। अंततः इसे सुधारकर ख.नं. 51/2 एवं ख.नं. 52, रकबा 0.206 हे. एवं 0.486 हे. पढ़ा जावे।

विष्णु निर्मलकर
प.ह.नं.04 तह.बोदरी
जिला-बिलासपुर (छ.ग.)

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र - बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सामान्य आवास योजनान्तर्गत, अभिलाषा परिसर तिफरा बिलासपुर में निर्मित भवनों में से भवन क्रमांक एच.आई.जी-1.37 (आकाश) आबंटी श्री अरुण सिंह चौहान पिता श्री स्व. भगवान सिंह चौहान, को आबंटित है भवन का विक्रय विलेख दिनांक 24.09.2014 को पंजीकृत किया गया है। इसके उपरांत द्वितीय क्रेता द्वारा विकय विलेख दिनांक 26.06.2025 को पंजीकृत कराने के पश्चात उक्त भवन को श्री मो.हसन खान पिता श्री अली अहमद खान, के नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति, शासकीय / अर्द्धशासकीय/ संस्था आदि को इस भवन के नामांतरण/ हस्तांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह अधोहस्ताक्षरकर्ता इस कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेज सहित दावा/आपत्ति कर सकता है अन्यथा इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के बाद में कोई दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मण्डल नियमानुसार उनके पक्ष में नामांतरण/हस्तांतरण कार्यवाही की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- बिलासपुर

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/Q/सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक 07/07/2025

प्रति,
1. आवेदक धर्मेन्द्र कुमार वैष्णव पिता नर्मदा प्रसाद आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. यतीन केसरी सा. दयालबंद 3. रामकुमार, रामखिलावन, संतोष सा. बोदरी 4. पाटली पुत्र कॉलोनी 5. सरजू विहार कॉलोनी एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार

**विषय: सीमांकन में उपस्थिति बाबत्।**

संदर्भ: न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक/Q/तह./ना.तह.वा./2024 बिलासपुर दिनांक 30/06/2025

ग्राम लिंगियाडीह प.ह.नं. 31 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 15/1836 रकबा 0.206 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक धर्मेन्द्र कुमार वैष्णव निवासी श्याम नगर लिंगियाडीह के द्वारा छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 15.07.2025 को समय 10:00 से 05:00 बजे के बीच किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक
मोपका

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र - बिलासपुर**

**आम सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा सामान्य आवास योजना अभिलाशा परिसर तिफरा बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक 4 बी. एच. के. फ्लैट ब्लाक नं.-सी -101, (प्रथम तल) आबंटी श्रीमती सविता तिवारी पति स्व. अभय तिवारी के नाम पर नामांतरित है। भवन का विक्रय विलेख दिनांक-23.06.2016 को पंजीकृत किया गया है। आबंटी अपने उक्त भवन को द्वितीय क्रेता श्रीमती प्रतिभा सिंह पति श्री हर्ष सिंह, को विक्रय करना चाहती है। विक्रय अनुमति हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

किसी भी व्यक्ति/ शासकीय/ अर्द्धशासकीय / वित्तीय संस्था / बैंक इत्यादि कोउक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र- बिलासपुर

**नाम परिवर्तन**

मैं मंजीत गायकवाड़ उम्र 20 वर्ष पिता अमर लाल गायकवाड़ जाति सतनामी निवासी ग्राम-उड़नताल थाना-बिल्हा पोस्ट दगोरी तहसील बिल्हा जिला-बिलासपुर छ.ग. का मूल निवासी हूँ। जो कि नीचे लिखे अनुसार शपथपूर्वक कथन करता हूं कि:-

1- यह कि मैं उपरोक्त पते का मूल निवासी हूँ।
2- यह कि मेरे आधार कार्ड नंबर 7765 5609 0121 में मेरा घरेलू नाम संजीत कुमार पिता अमरलाल दर्ज हो गया है।
3- यह कि मेरा जन्म प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत उड़नताल से जारी हुआ है। जिसका मेरा वास्तविक नाम मंजीत गायकवाड़ पिता अमरलाल गायकवाड़ दर्ज है, जो सत्य एवं सही है।
4- यह कि मेरे पुराना आधार कार्ड में त्रुटि नाम संजीत कुमार के स्थान पर अपना वास्तविक नाम मंजीत गायकवाड़ पिता अमर लाल गायकवाड़ के नाम से आधार कार्ड परिवर्तन कराना चाहता हूं।
5- यह कि मैं यह शपथ अपने आधार कार्ड में नाम परिवर्तन के समर्थन में निष्पादित कर रहा हूँ।

शपथकर्ता
मंजीत गायकवाड़

## खबर संक्षेप

### जुआ खेलते पकड़े गए 7 जुआरी

**बिलासपुर।** पुलिस खेलते 7 जुआरियों को पकड़कर गिरफ्तार कर लिया है। बिल्हा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर खपरी मंदिर के पास दबिश देकर जुआ खेलते रामायण केंवट, बलदाउ केंवट, जोईधा केंवट, ज्वाला पटेल, तिल्ला उर्फ चक्रधारी पटेल, बहोरिक यादव, अश्वनी निषाद को पकड़कर 1710 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने जुआरियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### महिला वासरूम गई चोर ले उड़े 3 मोबाइल

**बिलासपुर।** महिला वासरूम चली गई। इसी दौरान चोर उनके घर से टेबल में रखे 3 तीन मोबाइल चोरी कर भाग गए। चोकी की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पुलिस चोरों को नहीं पकड़ पाई है। सरकण्डा पुलिस के अनुसार, सीपत रोड इलाहाबाद होटल के पीछे रहने वाली अनामिका साहू पिता सत्यनारायण साहू 3 जुलाई को घर में थी और बच्चे सोए हुए थे। सुबह वह उठकर मकान का दरवाजा खोलकर वासरूम चली गई। बाहर निकली तो टेबल में रखा 3 नग मोबाइल चोरी हो गई थी। उन्होने सीसीटीवी कैमरे का फुटेज देखे तो कुछ अज्ञात चोर घर में घूसकर मोबाइल चोरी करते नजर आ रहे है। अनामिका साहू ने सीसीटीवी फुटेज सौंपकर चोरी की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात अज्ञात चोर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

### सिम्स के सामने चाकू लहराते युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** सिम्स में चाकू लहराकर अशांती फैलाने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली पुलिस को सूचना मिली, सिम्स के सामने एक युवक हाथ में चाकू रखकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर मसानगंज सहगल गली निवासी नशेड़ी दीपक यादव पिता स्व. रवि यादव को पकड़कर चाकू बरामद कर लिया है। पुलिस ने 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### काली पट्टी लगाकर करेंगे श्रम कानून का विरोध

**बिलासपुर।** ट्रैक मेंटेनर एसोसिएशन ने नए श्रम कानून का विरोध काली पट्टी लगाकर करने का निर्णय लिया है। आल इंडिया रेलवे ट्रैक मेंटेनर यूनियन के राष्ट्रीय सहायक महामंत्री राजेन्द्र कुमार कौशिक ने बताया कि केन्द्र सरकार ने नया श्रम कानून लागू किया है। यह कर्मचारियों के ऊपर जबरन थोपा जा रहा है, जो कर्मचारियों के हित में नहीं है।



पानी भरने के कारण ठेले तक डूब गए हैं जिससे रोज कमाने खाने वालों को परेशानी हो रही है।

### 4 फुट से अधिक पानी निगम का दल पहुंचा

गोकने नाला में पानी भरने के कारण 2 दर्जन से अधिक कालोनियों में पानी भर गया। इस दौरान नेचर सिटी, प्रकृति विहार, आसमां सिटी, सूर्या विहार, पाटनवार कालोनी, जैसे कालोनी में 3-4 फुट तक पानी भर गया है। मन्नाडोल, तिफरा, सब्जीमंडी जैसे इलाकों में लोग घरो में कैद हो चुके है, बाहर नहीं निकलने के कारण उन्हें खाने के लाले पड़ चुके है। हालांकि नगर निगम ने दावा किया है कि सकरी क्षेत्र में गोकने नाला के जल भराव के बाद से टीम डटी हुई है और लोगों को सुरक्षित जगहों पर ले जाने का प्रयास किया गया है।



### नदी में पानी बढ़ने से कोटा बेलगहना मार्ग बाधित

कोटा-बेलगहना मार्ग पर बीते वर्षों में पुराने पुल के क्षतिग्रस्त होने के बाद आवागमन के लिए वैकल्पित मार्ग तैयार किया गया था। इस मार्ग पर नए पुल का निर्माण तो किया जा रहा है, लेकिन इसके पूर्ण होने में अभी समय लगेगा। बीते दिनों लगातार बारिश होने के कारण नदी में प्रवाह तेज होने से आवागमन बाधित हो गया है। वाहन चालक नदी में पानी कम होने का इंतजार कर रहे हैं, ताकि वैकल्पिक मार्ग से आवागमन कर सकें।







# लगातार बारिश बनी आफत, गोकने नाला उफान पर, सैकड़ों घरों में घुसा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

*लगातार हो रही बारिश लोगों पर आफत बनकर टूट रही है। बारिश की वजह से शहर के अधिकांश निचले इलाकों में जलभराव हो चुका है, इसमें सबसे ज्यादा प्रभावित गोकने नाला के आसपास के इलाके शामिल है, गोकने नाले में आए अचानक पानी के कारण 2 दर्जन से अधिक कालोनी में पानी भर चुका है। करीब एक हजार से अधिक लोग इससे प्रभावित हो चुके हैं। खास बात यह है कि इस दौरान दो मुहानी एनिकट भी ऊफान मारने लगा है, वहीं मंगलवार को बारिश ने थोड़ी राहत दी। इस दौरान सुबह से ही बारिश बंद रही।*

पिछले 7 दिनों से हो रही बारिश के कारण बिलासपुर शहर समेत आसपास के क्षेत्रों में जलभराव से लोग जूझ रहे हैं। रविवार और सोमवार को हुई भारी बारिश के कारण लोग के घरों में बारिश का पानी भर चुका है। गोकने नाले में अन्य जलाशय से छोड़े गए पानी के कारण जल भराव की स्थिति हो चुकी है।

हालत यह है कि अमेरी-घुरू में बना पुल पूरी तरह से डूब गया है। एप्रोच सड़क भी पानी में डूब चुकी है, जिससे आवागमन ठप हो चुका है। इस दौरान सबसे ज्यादा परेशानी स्कूली बच्चों को उठानी पड़ रही है। मंगलवार को सेंट फ्रासिंस, मॉडल शासकीय स्कूल, मार्डन स्कूल के बच्चे जलभराव के कारण फंसे रहे। इस दौरान उस्लापुर, हांफा, सकरी, दलदलिहापारा बस्ती, मन्नाडोल, तिफरा, यदुनंदन, घुरू, अमेरी, सिरगिट्टी जैसे इलाकों में जल भराव की स्थिति है। राहत की बात यह रही कि मंगलवार को सुबह से ही बारिश थमी रही, इस दौरान महज बुंदाबांदी ही हुई लेकिन इसके बावजूद गोकने का जल स्तर लगातार बढ़ रहा है।



गोकने नाला के पास पानी भरने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

### घरो में ताला लगाकर भागे लोग

गोकने नाला के उफान पर चलने का दौर सोमवार की रात को अफरा तफरी मच गई। नगर निगम सीमा क्षेत्र के नालों के किनारे रहने वाले लोगों के घरों में नाले का पानी भर गया। यहां रहने वाले कई लोगों ने घरों में ताला लगा, रिश्तेदारों के घरों में शरण ली, मंगलवार की सुबह पानी का लेवल कम होने के बाद दूबारा पहुंचे लेकिन दोपहर बाद जलस्तर फिर से बढ़ने लगा।

### इसलिए स्थिति हुई खतरनाक

गोकने नाला का जुड़ाव कई छोटे व बड़े नाले से है, बताया जा रहा है कि कोटा क्षेत्र से अरपा भैसाझार व परसदा के पास बने नहर में पानी भरने के बाद वहां का पानी गोकने नाला में भेजा जा रहा है, जिससे स्थिति खतरनाक हो चुकी है।

### सुरक्षित स्थान ले जाने कहा गया

उस्लापुर व सकरी में स्थिति बिगड़ रही थी, हमने कई जगहों पर जाकर सर्वे किया। इस दौरान पेड़ और कचरे हटाकर पानी को निकालने का प्रयास किया गया है। स्थिति नियंत्रण में है लोगों से सुरक्षित स्थान में ले जाने के लिए कहा गया है, लेकिन लोगों ने रूकना पसंद किया है। हमने टीम का नंबर भी लोगों को दिया है।

**-रंजना अग्रवाल**, जोन कमिश्नर, नगर निगम

## 11 जगह छापे, नौ आरोपियों से 192 लीटर शराब जब्त

**बिलासपुर।** आबकारी विभाग द्वारा अवैध शराब निर्माण एवं अवैध विक्रय में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ पूरे जिले में एक साथ छापामार अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत 11 जगहों पर की गई छापामार कार्रवाई में 192 लीटर शराब व 285 किलो महुआ लहान जब्त किया गया है। मामले में गिरफ्तार सभी 9 आरोपियों को जेल दाखिल कर दिया गया है।

आबकारी विभाग को कोटा, सीपत, बिल्हा, तखतपुर व मस्तूरी वृत्त में अवैध शराब निर्माण व विक्रय की जानकारी मिलने पर छापामार अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत सीपत थानाक्षेत्र के हरदाडीह निवासी महादेव धनवर से 8.5 लीटर महुआ शराब जब्त की गई। इसी



तरह सरकंडा थानाक्षेत्र के राज किशोरनगर निवासी अजय सोनी से 44 नग देशी मदिरा प्लेन 7.92 लीटर देशी शराब जब्त की गई। सरकंडा थानाक्षेत्र के लिंगियाडीह निवासी संजू यादव से 42 नग देशी मदिरा प्लेन 7.56 लीटर देशी शराब जब्त की गई। मस्तूरी थानाक्षेत्र के टिकारी निवासी पारथ जांगड़े से 7.5 लीटर महुआ शराब जब्त की गई।

### विवेचना की जा रही

अवैध शराब निर्माण व विक्रय की शिकायत मिलने के बाद छापामार अभियान चलाया गया था, जिसमें 192 लीटर शराब व 285 किलो महुआ लहान जब्त किया गया है। सभी आरोपियों को अजमानती प्रकरणों के तहत जेल भी दाखिल कर दिया गया है। इस दौरान दो स्थानों पर लावारिस हालत में भी शराब व महुआ लहान जब्त किया गया है, जिसकी विवेचना की जा रही है।

**-कल्पना राठौर**, सहायक जिला आबकारी अधिकारी

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com



25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितंबर, 3 अक्टूबर,
13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

## अय्याशी में उड़ा दिए 35 लाख, एजेंट गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

6 माह में मार्केट से वसूली कर अय्यासी में 35 लाख रुपए खर्च करने वाले मिनीक्षी ट्रेडर्स के फरार एजेंट को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

कोतवाली टीआई विवेक पाण्डेय ने बताया, अशोकनगर निवासी मनोज सिंह ने रिपोर्ट लिखाई थी। मिनाक्षी ट्रेडर्स के प्रबंधक सतीश अग्रवाल के द्वारा अक्टूबर 2023 में सिरगिट्टी आदर्श कालोनी निवासी अमन शुक्ला पिता सतीश शुक्ला 28 साल को काम पर रखा गया था। वह संस्थान मे विभिन्न दुकानों में बेच गए सीमेंट की बिक्री रकम वसूली करने का काम करता था। जनवरी 2025 में दुकान संचालक व एकाउंटेड द्वारा आवक जावक का हिसाब किए तब अमन शुक्ला के द्वारा 6 माह में 35 लाख रुपए मार्केट से वसूली कर व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए उपयोग कर गबन कर किया है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर धारा 316, 2, 316, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया था।



मंगलवार को सूचना मिली आरोपी एजेंट अपने घर आया हुआ है। टीआई श्री पाण्डेय, गोकूल जांगड़े, धीरेन्द्र सिंह, राहूल जगत ने घर में दबिश देकर एजेंट अमन शुक्ला को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में आरोपी ने बताया, वह वसूली करने के लिए बाहर जाता था। वसूली में से कुछ रखकर शानदार होटल में रूककर अय्यासी में खर्च कर बचा हुआ रकम संस्थान में जमा कर देता था। इस तरह से संस्थान के वसूली रकम 35 लाख रुपए अय्यासी में खर्च कर देना बता रहा है।

### डीएसपी की फेक आईडी बनाकर फर्नीचर बेचने का विज्ञापन, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** डीएसपी की फेक आईडी बनाकर सोशल मीडिया में फर्नीचर बेचने का विज्ञापन जारी कर धोखाधड़ी करने का प्रयास किया जा रहा है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, दयालबंद निवासी डीएसपी रश्मीत कौर चावला पति हरप्रीत सिंह वालिया 35 साल के नाम पर अज्ञात मोबाइल नम्बर 6002734815 धारक ने फेक आईडी बनाकर सोशल मीडिया में फर्नीचर बेचने का विज्ञापन जारी कर धोखाधड़ी करने का प्रयास किया जा रहा है। उनके परिचित ने विज्ञापन देखकर श्रीमती चौवला को सूचना दी। उन्होने विज्ञापन खोलकर देखा तो उनके नाम पर फर्जी आईडी बनाया गया था। श्रीमती चावला ने घटना की रिपोर्ट सिविल लाइन थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात मोबाइल धारक के खिलाफ अपराध क्रमांक 778 / 25 बीएनएस की धारा 319, 1, 62, 66 डी आईटी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में जुट गई है।

Vedanta Medical Research Foundation
BALCO Medical Centre
श्री शिशु भवन
बालको मेडिकल सेंटर, नया रायपुर
(NABH से मान्यता प्राप्त अत्याधुनिक कैंसर अस्पताल) के
रक्त एवं कैंसर रोग विशेषज्ञ की OPD सेवाएँ
अब बिलासपुर में भी
दिनांक : 10 जुलाई 2025 | सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक
स्थान : श्री शिशु भवन हॉस्पिटल, मध्यनगरी चौक के पास, बिलासपुर



डॉ. रूचि औजला
MD (Paediatric), MECPCH (UK)
Fellowship in Pediatric Oncology (Liverpool UK)
कंसलटेंट-पीडियाट्रिक हेमाटो ऑन्कोलॉजी



डॉ. सृष्टि श्रीवास्तव
DNB (Paediatric), MECPCH-I
Fellowship in Pediatric Haematology & Oncology
कंसलटेंट-पीडियाट्रिक हेमाटो ऑन्कोलॉजी

अगर आपके बच्चों को इनमें से कोई भी लक्षण हैं तो आज ही हमारे विशेषज्ञ से मिलें
- शरीर में खून की कमी/कमजोरी थकान महसूस होना
- पीलिया, गाढ़ी पेशाब होना
- बार-बार बुखार आना
- जोड़ों में दर्द होना
- शरीर के किसी भाग में गांठे दिखना
- आसानी से चोट लगना, छोटे लाल धब्बे आना
- वजन में कमी
- पेट में सूजन
- आँखों में सफेद बिंदु दिखना/तिरछापन/अंधापन

निम्न रोगों के विशेषज्ञ
- Leukaemia, Lymphoma (Blood Cancer)
- All types of Childhood Cancers
- Nutritional Anaemia
- Thalassemia
- Sickle Cell Anaemia
- Aplastic Anaemia
- Bone Marrow Failure Syndromes
- Disorders of Immune Dysregulation

ATUL

बोन मैरो ट्रांसप्लांट की सुविधा उपलब्ध है



अपॉइंटमेंट के लिए कॉल करें : 747-1130319
8282824444 नया रायपुर, छ. ग.